भाद्रपद कृष्णा - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 51 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » मंगलवार » 12-09-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 चीन ने हमारी एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है: बी डी मिश्रा

6 राजस्थान में भी प्रधानमंत्री मोदी के सहारे भाजपा

7 रोहित शेट्टी के साथ फिल्म में करना चाहते हैं अब्दु रोजिक



## फर्स्ट टेक

### अटलांटिक सागर में भूकंप के तेज़ झटके

**बीजिंग/वार्ता।** दक्षिण अमेरिका और अफ्रीका द्वीप के बीच अटलांटिक सागर क्षेत्र में सोमवार को भूकंप के झटके महसूस किये गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार भूकंप के झटके अंतरराष्ट्रीय समानुसार 09 : 20 बजे महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.9 मापी गयी । भूकंप का केंद्र 0.75 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 26.09 डिग्री पश्चिमी देशांतर पर समुद्र तलहटी के 10.0 किमी की गहराई में था।

### नाइजर में संभावित हस्तक्षेप के लिए घाना, सेनेगल की सेनाएं सतर्क

**अक्कारा/वार्ता।** दक्षिण अफ्रीकी देश घाना और सेनेगल के सैन्य बल पश्चिम अफ्रीकी देशों के आर्थिक समुदाय (इकोवास) मिशन के तत्वावधान में नाइजर में हालिया तख्तापलट के बाद देश में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने के लिए संभावित हस्तक्षेप करने के वास्ते सतर्क हैं। वैसे, यह स्पष्ट नहीं है कि घाना के पास अपनी आर्थिक अस्थिरता के कारण हस्तक्षेप को वित्तपोषित करने के लिए पर्याप्त संसाधन होंगे या नहीं। जुलाई में, नाइजर सैन्य बलों ने राष्ट्रपति मोहम्मद बज़ौम की सरकार को उखाड़ फेकनें और होमलैंड की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय परिषद के गठन की घोषणा की। तख्तापलट के बाद, इकोवास ने नाइजर के साथ सभी सहयोग निलंबित कर दिए और विद्रोहियों द्वारा बज़ौम को बहाल नहीं करने पर हस्तक्षेप की धमकी दी।

### भूकंप आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर ढाई हजार के करीब

**रबात/वार्ता।** मोरक्को में शुक्रवार की रात आये विनाशकारी भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,497 हो गयी है, जबकि 2476 अन्य घायल हैं। मोरक्को के गृह मंत्रालय के हवाले से हेसप्रेस समाचारपत्र ने यह जानकारी दी। इससे की पहले रिपोर्टों में मरने वालों की संख्या 2122 और घायलों की संख्या 2421 बताई गई थी। इसको लेकर मोरक्को में शनिवार से तीन दिन का राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। मोरक्को के किंग मोहम्मद चतुर्थ ने विनाशकारी आपदा पर बैठक बुलाई और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गयी। शाही कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार राष्ट्रीय शोक के दौरान सभी सार्वजनिक स्थलों पर झंडे आधे झुके रहेंगे। भारत, अमेरिका, अरब लीग, मिस्र, संयुक्त अरब अमीरात, फिलिस्तीन, सऊदी अरब, कतर, ट्यूनीशिया, अल्जीरिया, लेबनान, लीबिया ,ईरान, तुर्किये, इज़राइल, फ्रांस, जापान और जर्मनी तथा अन्य देशों एवं अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने मोरक्को को सहायता की पेशकश की है।

| | |
|---|---|
| सूर्यास्त 11-09-2023 6:23 बजे | सूर्योदय 12-09-2023 6:08 बजे |
| BSE 67,127.08 (+528.17) | NSE 19,996.35 (+176.40) |
| सोना 6,161 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 73,000 रु. प्रति किलो |

**मिशन मंडेला**

**दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### झूठों की भरमार

कड़ी सजा का प्रावधान हो,
यदि फर्जी हो एफआइआर।
झूठा होवे यदि गवाह तो,
हो दोषी सम भागीदार।
मगर सबूतों पर आश्रित हैं,
सारे कानूनी हथियार।
कैसे करें फैसला सच पर,
जब हो झूठों की भरमार।।

# सऊदी अरब भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअजीज अल-सऊद से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और सऊदी अरब के बीच रणनीतिक साझेदारी क्षेत्रीय एवं वैश्विक स्थिरता और कल्याण के लिए अहम है। सऊदी अरब को भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक बताते हुए मोदी ने कहा कि बदलते वक्त के साथ दोनों देश अपने संबंधों में नए आयाम जोड़ रहे हैं।

मोदी और बिन सलमान ने भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक में द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। बैठक में अपने शुरुआती संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा ''हमारी करीबी भागीदारी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए कई पहलों की पहचान की गई है। आज की बैठक में हमारे संबंधों को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी''।

अहम क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत-सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की घोषणा 2019 में की गई थी। जी20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति के बाद बिन सलमान इस समय भारत की राजकीय यात्रा पर हैं।

वार्ता से पहले सऊदी अरब के युवराज का राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आधिकारिक रूप से स्वागत किया गया।

स्वागत के बाद बिन सलमान ने संवाददाताओं से कहा, ''मैं भारत आकर बहुत खुश हूं। मैं जी20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत को बधाई देना चाहता हूं।''

सऊदी नेता ने कहा कि शिखर सम्मेलन में की गई घोषणाओं से दुनिया को फायदा होगा। उन्होंने कहा, ''हम दोनों देशों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए मिलकर काम करेंगे।''

सऊदी अरब पश्चिम एशिया में भारत के प्रमुख रणनीतिक साझेदारों में से एक है। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच समग्र संबंधों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। दोनों पक्ष अपनी सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने पर भी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

तत्कालीन सेना प्रमुख जनरल एम. एम. नरवणे ने दिसंबर 2020 में सऊदी अरब का दौरा किया था, जो 13 लाख से अधिक सैनिकों की क्षमता वाली मजबूत सेना के प्रमुख द्वारा महत्वपूर्ण खाड़ी देश की पहली यात्रा थी। तब से दोनों पक्षों के उच्च पदस्थ सैन्य अधिकारियों ने एक-दूसरे देश के कई दौरे किए हैं।



# भारत में सऊदी निवेश के पर्याप्त अवसर : मुर्मु

**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सऊदी अरब को भारत के महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक बताते हुए कहा है कि देश में अलग-अलग क्षेत्रों में सऊदी निवेश के पर्याप्त अवसर हैं।

श्रीमती मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में सऊदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान बिन अब्दुलअज़ीज़ अल सऊद का स्वागत किया। उन्होंने उनके सम्मान में रात्रि भोज का भी आयोजन किया। राष्ट्रपति भवन में युवराज का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सऊदी अरब भारत के सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारों में से एक है। यह खुशी की बात है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत और सऊदी अरब के बीच द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि साझा सांस्कृतिक अनुभव, आर्थिक तालमेल और शांतिपूर्ण तथा विश्व में सिथरता के प्रति साझा प्रतिबद्धता भारत और सऊदी अरब को स्वाभाविक भागीदार बनाती है।

**दौरा**



सोमवार को बेंगलूरु में चर्च स्ट्रीट का दौरा करते हुए नीदरलैंड के प्रधान मंत्री मार्क रुटे।

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' भारत के हित में है : अनुराग ठाकुर

**सिवनी (मप्र)/भाषा।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का मानना है कि 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा भारत एवं भारतीयों के हित में है, क्योंकि इससे समय व पैसा दोनों बचेगा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, नगरपालिकाओं और पंचायतों के चुनाव एक साथ कराने के मुद्दे पर गौर करने और जल्द से जल्द सिफारिशें देने के लिए इस महीने की शुरूआत में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है।

ठाकुर ने यहां संवाददाताओं को बताया, ''भाजपा का मानना है 'एक राष्ट्र एक चुनाव' भारत के हित में है। यह भारतीयों के हित में है। इससे देश का समय व पैसा दोनों बचेगा।''

वह इस साल के अंत में मध्य प्रदेश में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की 'जन आशीर्वाद यात्रा' में हिस्सा लेने के लिए यहां पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बार-बार कहा है कि चुनाव एक साथ क्यों नहीं होने चाहिए। इस साल की शुरूआत में दो राज्यों (कर्नाटक और नगालैंड) में चुनाव हुए थे। अब ये पांच राज्यों (मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम) में होंगे।''

**स्पाइसजेट अध्यक्ष अजय सिंह को उच्चतम न्यायालय की चेतावनी**

# कर्ज चुका दें वरना तिहाड़ जेल भेजे जाने को रहे तैयार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को स्पाइसजेट के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अजय सिंह को 22 सितंबर तक क्रेडिट सुइस को 500,000 डॉलर के साथ-साथ डिफॉल्ट राशि के एक मिलियन डॉलर का भुगतान करने का निर्देश देते हुए चेतावनी दी कि कर्ज नहीं चुकाने पर वह तिहाड़ जेल जाने के लिए तैयार रहे।



न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह ने क्रेडिट सुइस और स्पाइसजेट के बीच 2015 से लगभग 24 मिलियन डॉलर के बकाए को लेकर चल रहे कानूनी विवाद की सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने चेतावनी दी कि यदि उसके आदेश पर निर्धारित तिथि तक अमल नहीं किया गया तो अजय सिंह को तिहाड़ जेल भेजा जा सकता है। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को करेगी।

शीर्ष अदालत ने सिंह को मामले की हर सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित रहने को भी निर्देश दिया।

# जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की भर्ती के मॉड्यूल का खुलासा

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद आतंकवादियों की भर्ती संबंधी मॉड्यूल का खुलासा हुआ। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने रविवार शाम क्रीरी इलाके के चक टप्पर में एक नाका स्थापित किया था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि उन्होंने संदिग्ध तरीके से घूम रहे तीन लोगों को पकड़ा तथा उसके कब्जे से तीन ग्रेनेड और एके की 30 गोलियां बरामद कीं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान लतीफ अहमद डार, शौकत अहमद लोन और इशरत रसूल के रूप में हुई है।

# विमान में तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली से रवाना नहीं हो सके कनाडा के प्रधानमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के विमान में तकनीकी खराबी के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से उनके प्रस्थान में देरी हो गई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक ट्रूडो के लिए एक अन्य विमान की व्यवस्था की जा रही है, जिसके सोमवार रात 10 बजे के आस-पास पहुंचने की संभावना थी। इस मामले से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। इस संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजे गए प्रश्न का अब तक उत्तर नहीं मिला है। जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे जस्टिन ट्रूडो को रविवार को स्वदेश रवाना होना था। लेकिन विमान में तकनीकी खराबी आने के कारण इसमें देरी हो गई है। कनाडा के सीटीवी न्यूज के अनुसार प्रधानमंत्री ट्रूडो और उनका प्रतिनिधिमंडल विमान में तकनीकी खामी की वजह से दिल्ली में ही हैं और वे मंगलवार को प्रस्थान कर सकते हैं।

# पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ऐतिहासिक 'विराट' जीत

## एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को 228 रन से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



कोलंबो 11 सितंबर (वार्ता) विराट कोहली (122 नाबाद) और केएल राहुल (111 नाबाद) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव (25 रन पर पांच विकेट) के करिश्मायी प्रदर्शन की बदौलत भारत ने सोमवार को एशिया कप सुपर फोर चरण के वर्षा बाधित मुकाबले में चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान को 228 रनो से हरा दिया।

पाकिस्तान के खिलाफ एक दिवसीय इतिहास में भारत की यह सबसे बड़ी जीत है। भारत ने पहले खेलते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 356 रनो का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 32 ओवर में मात्र 128 रन बनाकर पवेलियन लौट गयी।

आर प्रेमदासा स्टेडियम पर आज भारत ने पहले बल्लेबाजी और बाद में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये पाकिस्तान को न सिर्फ आइना दिखाया बल्कि आगामी विश्वकप में भाग लेने वाली सभी टीमों को यह अहसास दिलाया कि घरेलू जमी पर वह विश्वकप के सबसे मजबूत दावेदार है।

कप्तान रोहित शर्मा (56) और शुभमन गिल (58) ने पहले शतकीय साझीदारी कर भारत के लिये मजबूत आधार तैयार किया जिस पर विराट और राहुल की जोड़ी ने रनों की कुतुबमीनार खड़ी कर दी। बाद में गेंदबाजी करने आयी पाकिस्तान की टीम को पहला झटका इमाम उल हक (9) के तौर पर लगा जिन्हे जसप्रीत बुमराह ने स्लिप पर खड़े गिल के हाथों आउट कराया जबकि भारत की जीत में सबसे बड़ी बाधा बाबर आजम (10) को हार्दिक पंड्या ने क्लीन बोल्ड आउट कर विरोधी टीम को करारा झटका दिया। बाद में कानपुर के कुलदीप यादव का शो शुरू हुआ जिन्होने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुये विरोधी टीम के विकेटों की लाइन लगा दी। पाकिस्तान के नसीम शाह और हारिस रउफ चोटिल होने के कारण बल्लेबाजी नहीं कर सके।

इससे पहले विराट और राहुल पूरी लय में दिखायी दिये। दोनो बल्लेबाजों ने पाकिस्तानी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ते हुये मैदान के चारों ओर रनों की बरसात कर दी। विराट ने पारी के 48वें ओवर की दूसरी गेंद पर विश्व के सबसे बढ़िया पेस अटैक को मामूली साबित करते हुये शाहीद शाह अफरीदी की गेंद को पुल करते हुये दो रन लिये और इसी के साथ कोहली के 13000 रन पूरे कर लिये। इसके अगली ही गेंद में विराट ने कवर प्वाइंट में खेल कर सिंगल चुराया और वन डे करियर का अपना 47वां शतक पूरा किया। इस शतक के साथ विराट दुनिया में सर्वाधिक वन डे शतकों के मामले में सचिन तेंदुलकर के बाद दूसरे बल्लेबाज बन चुके है। सचिन ने अपने वनडे करियर में 49 शतक जड़े है। इस रिकार्ड को तोड़ने में विराट अब सिर्फ दो शतक पीछे हैं। विराट ने अपनी नाबाद शतकीय पारी में मात्र 94 गेंद खेल कर नौ चौके और तीन छक्के लगाये।

उधर करीब छह महीने के लंबे अतंराल के बाद वन डे टीम में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर जगह बनाने में सफल हुये कर्नाटक के केएल राहुल ने आज अपनी फिटनेस का भरपूर मुजाहिरा पेश किया। उन्होने विराट का भरपूर साथ निभाते हुये रन गति को तेज बनाये रखा। उन्होने 47वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर दो रन लेकर करियर का पांचवा शतक पूरा किया।



# तप, साधना, आराधना का पर्व है पर्युषण : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि जब तक आसक्ति खत्म नहीं होगी तब तक धर्म से कैसे जुड़ पाएंगे? पर्वाधिराज पर्युषण पर्व आ चुके है। पर्युषण का मतलब ही तप, साधना, आराधना करना है। आठ दिनों के लिए अपनी जिंदगी से चार शब्द, किन्तु, परन्तु, अगर, मगर को डिलीट कर दो। ऐसा कर दिया तो आपके लिए पर्युषण पर्व सार्थक हो जाएगा। ये मत कहो कि तपस्या करने की भावना तो है किन्तु इसलिए ऐसा नहीं कर सकता। भावना है तो तपस्या की नदी में कूद पड़ो और तपस्वी बनकर बाहर निकल जाओ। तप की नदी में छलांग तो लगाओ, तपस्वी नहीं बन पाए तो कोई बात नहीं पर प्रयास तो करो। आठ दिन धर्म आराधना के लिए पूरी ताकत लगा दो। गुस्से की ताकत इंसान से सांप ओर तपस्या की ताकत सर्प से देवता बना देती है। साध्वी शीतलगुणाश्री जी ने कहा कि श्राविकाएं हो या श्रावक ये संकल्प लें कि पर्युषण के आठ दिन शरीर के लिए जरूरी कार्य को छोड़ अनावश्य सजने-धजने में समय व्यर्थ नहीं करेंगे। पर्युषण का हमारा सारा समय धर्म-आराधना ओर तप-त्याग में समर्पित होना चाहिए। हमे स्वयं भी जुड़ना है ओर स्वधर्मी बंधुओं को जुड़ने की प्रेरणा भी देना है। नेमीचन्द वेदमुथा ने बताया कि अष्टाहिंका दिवसीय प्रवचन सुबह होगा। दोपहर मामुलपेट सिमंधर स्वामी मंदिर में पूजा और रात्रि भक्ति होगी।

# प्रमाद के कारण ही संसार में परिभ्रमण होता है : मुनि राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में एलएनपुरम स्थित समणी भवन के प्रांगण में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि प्रमाद के कारण ही संसार में परिभ्रमण होता है। श्रावक जीवन में करने योग्य 6 प्रकार के कर्त्तव्य है। सामायिक यानी साधु जीवन का आस्वादन लेना। साधु भवं भगवंत आजीवन सामायिक में रहते है उसका आंशिक स्वाद मिलता है, शास्त्रों में कहा गया है कि 48 मिनट तक श्रावक भी साधु जैसा बन जाता है। सामायिक यानी समभाव लाने का मुख्य साधन। सामायिक यानी मोक्षमार्ग की साधना का परम अंग माना है। दूसरा कर्त्तव्य चौबीस परमात्मा को याद करना, तीसरा साधु को वंदन करना, चौथा प्रतिक्रमण करना, पांचवा कार्योत्सर्ग करना और आखिरी प्रत्याख्याण करना। मुनिश्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि साधना मार्ग में आगे बढ़ने के लिए प्रमाद को दूर करना होगा। प्रमाद हमेशा शुभ कार्य करने से अटकाता है, वो रोकता है, बाद में कर लेंगे वैसा ही आचरण करता है, मोक्षमार्ग की जो साधनाएं है, वो समता के माध्यम से होती है।

# 'मानव जीवन में आत्मकल्याणकारी आराधना करनी चाहिए'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


राणीबेन्नूर। यहां शहर के सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूतिपूजक संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने प्रवचन में कहा कि समय गतिमान है और उसका कोई भरोसा नहीं है। समय कब क्या गुल खिलाएगा यह कोई नहीं जानता। मनुष्य जीवन की प्राप्ति बहुत ही कठिन है, इसलिए इस जीवन में मिले समय का उपयोग शरीर के पोषण में या संसार के निर्माण में नहीं करना चाहिए। संसार में जीवन रहते जो धर्म आराधना-साधना कर लेता है, उसके दिन और रात सफल हो जाते हैं और जो



मात्र संसार के भोगों में पड़े रह कर इस अनमोल मानव जीवन को व्यर्थ में गंवा देता है, उसके जीवन निरर्थक हो जाता है। समय को व्यर्थ खोने के बजाय हमें कुछ न कुछ आत्मकल्याणकारी आराधना करना चाहिए और समय समय पर हमें अपनी उपलब्धियों और उपयोगिता का आंकलन भी करते रहना चाहिए ।

# 'जिनवचन' संसार सागर से पार उतारने वाला : आचार्य अभयसेनसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। शहर के संभवनाथ जैन मंदिर वीवी पुरम में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री अभयशेखरसूरीश्वरजी ने अवधिज्ञान के धनी धर्मदासगणिजी म.सा. के उपदेश माला ग्रंथ पर उपदेश देते हुए कहा कि जिनवाणी श्रवण में क्षण भर का भी प्रमाद करने जैसा नहीं है। जिन वचनों की दो विशेष बातें हैं, यह लाखो भवों में अति अति दुर्लभ है और संसार सागर से पार उतारने वाला जिनवचन ही है। एक तरफ मोह वचन है जो संसार में डुबाने वाला है और दूसरे तरफ जिन वचन है संसार से पार लगाने वाला। अनादि काल से मोह वचन की रिकॉर्डिंग हमारे अंदर फिट की हुई है। हमारी आत्मा के कण कण पर मोह राजा अधिष्ठित हो गए हैं। मोह वचन इतना आत्मसात हो गया है कि जिन वचनों के सहारे जीवन में परिवर्तन करने के बाद भी मोह वचन ही अच्छा लगता है। जिनवचन कहता हैं समता रख और मोह वचन कहता हैं थोड़ा क्रोध कर वरना लोग तुम्हें दबा के रखेंगे। संसार के सुख का स्वरूप – जितना पाया उसे जो नहीं पाया वो अनेक अनेक गुणा ज्यादा है। संसार में मात्र सुख का आभास है, वास्तव में तो दुख ही है। धर्मदासगणि म.सा. कहते हैं कि जीवन में कोई भी दुख है, दोष है, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हैं और वह इससे बाहर निकलने की इच्छा है तो जिन वचन औषधि है। रोग मिटे या ना मिटे, रोग में दुखी नहीं होने की दृष्टि, समता से सहने की दृष्टि जिन वचनों से मिलेगी। रोग में कर्म निर्जरा का लाभ देखने को मिलेगा तो दुख नहीं लगेगा। जिन वचन मात्र सुनना ही नहीं अपितु बार बार पढ़ना और आत्मसात करना चाहिए।



# 'स्व' के लिए साधना करने का अवसर देता है पर्युषण : डॉ प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में स्थानक में विराजित साध्वी डॉ प्रतिभाश्रीजी म. सा. ने कहा कि हमें कषाय मुक्त जीवन जीने की तरफ आगे बढ़ना चाहिए। हमारे जीवन में कषाय कैसे कम हो इस पर चिंतन करना चाहिए। कषाय चार प्रकार के हैं क्रोध, मान, माया और लोभ।

कषाय के सेवन से आत्मा भारी बनती है तथा आत्मा अधोगति की तरफ जाती है। जितना हमारे जीवन से कषाय कम होता जाएगा हमारी आत्मा ऊपर उठती जाएगी। हमारा जीवन सुंदर होता जाएगा। हमारे परिवार एवं हमारे आसपास का वातावरण भी शांतिमय हो जाएगा। हम कषाय मुक्ति की और आगे बढ़ेंगे तो हमारे जीवन की मुक्ति संभव है।

इससे साध्वीजी ने कहा कि पर्वाधिराज पर्युषण प्रारंभ हो रहे हैं। हम सभी पूरे वर्ष भर 'पर' के लिए कार्य करते हैं । लेकिन पर्युषण के आठ दिनों में हमें 'स्व' के लिए साधना करने का अवसर मिलता है। हम स्व पर जितना ध्यान केंद्रित करेंगे उतना हमारी आत्मा का विकास होगा। हमें आनंद की प्राप्ति होगी।

साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास संबंधी सूचनाएं प्रदान की। पर्युषण पर्व के दिनों में प्रतिदिन अंतगढ़ सूत्र वांचन एवं प्रवचन सुबह 8:15 बजे शुरू होगा। सहमंत्री विनोद भूरट ने संचालन किया।



# जो सुख-दुख का संवेदन करे वही जीव है : साध्वी सुलोचनाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट बसवनगुडी के तत्वावधान में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री सुलोचनाश्रीजी ने अपने प्रवचन में क़हा कि जीव का कभी मरण नहीं होता है, मात्र आत्मा पर्याय बदलती रहती है। जिसमें चेतना पाई जाती है, जो सुख-दुख का संवेदन करता है, वह जीव है अथवा जो व्यवहार से इन्द्रिय आदि दस प्राणों के द्वारा जीता था, जी रहा है एवं जिएगा उसे जीव कहते हैं।

मासक्षमण तपस्या के अन्तर्गत सोमवार को शशिकला कोटडिया ने साध्वीश्री से पचक्खान ग्रहण किए। रविवार को साध्वियों की निश्रा में कहानी प्रतियोगिता में चौबीस प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए गए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**अन्नदान**

तेरापंथ युवक परिषद् राजराजेश्वरीनगर के सदस्यों ने कमलादेवी, गुलाब, संतोष बांठिया परिवार के सौजन्य से गांधीओल्ड एज होम राजराजेश्वरीनगर में निवासित 85 निराश्रितों को भोजन करवाया। अध्यक्ष विकाश छाजेड़, प्रायोजक परिवार गुलाब, संतोष बांठिया, नरेश बांठिया, पंकज बैद ने श्रमसेवा की।

# मुक्त व्यापार समझौता को शीघ्र अंतिम रूप देने के पक्ष में भारत, ब्रिटेन



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और ब्रिटेन ने सोमवार को दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्र अंतिम रूप देने को लेकर प्रतिबद्धता जतायी। ब्रिटेन के वित्त मंत्री जेरेमी हंट के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि दोनों पक्ष मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता में तेजी से आगे बढ़ने को इच्छुक हैं। 12वीं भारत-ब्रिटेन आर्थिक एवं वित्तीय वार्ता के समापन पर उन्होंने कहा, '' निश्चित रूप से एफटीए पर कुछ चर्चा हुई है...दोनों पक्षों के लिए मुख्य बात यह है कि इसे जल्द अंतिम रूप दिया जाएगा।''

हंट ने लंदन स्टॉक एक्सचेंज (एलएसई) में भारतीय कंपनियों को सीधे सूचीबद्ध किए जाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, ''भारत ने कहा है कि वह भारतीय कंपनियों को सीधे सूचीबद्ध किए जाने के लिए एलएसई को एक अंतरराष्ट्रीय गंतव्य के रूप में तलाशेगा। हम इस दिशा में एक बड़ा कदम आगे बढ़ाकर प्रसन्न हैं।'' हंट ने कहा, '' इसके साथ-साथ एक नई पेंशन तथा बीमा साझेदारी, ज्ञान एवं विशेषज्ञता-साझा करने के लिए मंच की स्थापना और नए ब्रिटेन इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंसिंग ब्रिज तथा विकासात्मक गिफ्ट सिटी पर एक मजबूत साझेदारी है। इसलिए, हम वास्तव में संबंध मजबूत करने के लिए एक-दूसरे की योजनाओं का समर्थन कर सकते हैं। इसका अगला कदम एक व्यापक एफटीए और द्विपक्षीय निवेश संधि है।''



# कौशलतापूर्वक किया गया कार्य प्रभावी होता है : मुनि दीपकुमार

## 'इंप्रूव योर स्किल्स' विषयक कार्यशाला आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर तेरापंथ युवक परिषद के निर्देशन में किशोर मंडल द्वारा तेरापंथ भवन में मुनिश्री दीपकुमारजी के सान्निध्य में 'इंप्रूव योर स्किल्स' विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सीपीएस राष्ट्रीय मुख्य प्रशिक्षक व मोटिवेशनल स्पीकर अरविंद मांडोत उपस्तित थे। इस मौके पर मुनिश्री दीपकुमारजी ने कहा कि व्यक्ति बहुत से कार्य करता है, पर हर कार्य को कुशल स्किल्स के साथ किया जाए तो कार्य की निष्पति विशेष कार्य में हो जाती है। आप जो भी कार्य करे स्किल्स के साथ करे। हर क्षेत्र में स्किल्स चाहिए। कौशलतापूर्वक किया गया कार्य प्रभावी एवं परिमाणदायक होता है। स्किल्स कैसे बढ़े? इसके लिए मुनिश्री ने कहा, कड़ी मेहनत के साथ समय प्रबंधन और स्वप्रेरणा जरूरी है। मुनिश्री ने किशोरों और कन्याओं का पर्युषण पर धर्माराधना की प्रेरणा दी।

तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष राकेश पोखरणा ने सबका स्वागत किया। महिला मंडल उपाध्यक्षा बरखा पुगलिया ने सराहना की। मुख्य प्रशिक्षक का परिचय विशाल श्यामसुखा ने दिया। मुख्य प्रशिक्षक अरविंद मांडोत ने कार्यशाला को व्यवहारिक रखते हुए रोजमर्रा के कार्यों को कुशलता से निष्पादित करने हेतु कुछ सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि एप्रीशिएशन यानी सच्ची प्रशंसा करने से रिश्ते प्रगाढ़ होते है एवं नए रिश्ते बनाने की राह खोलते है।

जिज्ञासा की प्रवृति व्यक्ति को नया सीखने और समझने का अवसर प्रदान करती है, उसके साथ ध्यान पूर्वक सुनने की आदत आपको व्यवहारशील और जागरूक बनाता है। प्राथमिकता अर्थात हमारे सबके जीवन में एक साथ बहुत से कार्यों की सूची होती है, हमारी समझ और अनुभव से सही प्राथमिकता को चुनकर, पहचान कर उसी क्रम में काम करने से कार्य कुशलता बढ़ती है। अभ्यास यानी अवचेतन मन हमारा बहुत शक्तिशाली होता है, लगातार प्रयास करने से कठिन से कठिन कौशल को प्राप्त किया जा सकता है, 21 दिनों तक किसी भी कार्य का भरसक प्रयास करने से काफी हद तक निपुणता पाई जा सकती है। लगातार प्रयास हमे विश्वास से परिपूर्ण करते है और यही सफलता की कुंजी है। मुख्य प्रशिक्षक अरविंद मांडोत का सम्मान तेयुप, महिला मंडल व वित्त सहयोग प्रदाता मनोहरलाल बाबेल द्वारा किया गया।

इस कार्यक्रम में परिषद, महिलामंडल, कन्या मंडल सदस्यों की अच्छी सहभागिता रही। तेयुप विजयनगर उपाध्यक्ष एवं किशोर मंडल प्रभारी विकास बांठिया का अच्छा श्रम रहा। संचालन किशोर मंडल संयोजक नमन चावत ने किया। आभार कार्यक्रम संयोजक रिदम चावत ने किया।

# बड़े कारोबारियों को 30 दिन में 'अपलोड' करनी होंगी जीएसटी रसीद

**नई दिल्ली/भाषा।** बड़े कारोबार वाली कंपनियों को एक नवंबर से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से संबंधित रसीदों को पोर्टल पर 30 दिनों के भीतर 'अपलोड' करना होगा।

यह प्रावधान 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक के कारोबार वाली कंपनियों पर लागू होगा। जीएसटी के ई-रसीद पोर्टल का संचालन करने वाले नेशनल इंफॉर्मेटिक्स सेंटर (एनआईसी) ने एक परामर्श में जीएसटी प्राधिकरण के इस फैसले की जानकारी दी। इसके मुताबिक, प्राधिकरण ने रसीद जारी होने की तारीख से 30 दिनों के भीतर उसे पोर्टल पर अपलोड करने को कहा है। यह समयसीमा 100 करोड़ रुपये या उससे अधिक के सालाना कारोबार वाले करदाताओं पर लागू होगी। यह व्यवस्था एक नवंबर, 2023 से लागू हो जाएगी। एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ साझेदार रजत मोहन ने कहा कि यह व्यवस्था सुचारू ढंग से लागू होने की स्थिति में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) इसे आगे चलकर सभी जीएसटी करदाताओं के लिए लागू कर सकता है।

# बायजू ने विदेशी इकाइयों को बेचकर 1.2 अरब डॉलर का कर्ज चुकाने का प्रस्ताव रखा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** शिक्षा-प्रौद्योगिकी कंपनी बायजू अपना 1.2 अरब डॉलर का समूचा कर्ज चुकाने के लिए अपनी विदेशी इकाइयों एपिक और ग्रेट लर्निंग को बेचने की योजना बना रही है। एक सूत्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। जानकार सूत्रों ने कहा कि बायजू अपने कर्जदाताओं के साथ संपर्क में रही है और उसने उनके समक्ष अपने विदेशी कारोबारों की बिक्री के जरिये उनका पूरा कर्ज लौटाने का प्रस्ताव रखा है। यह कर्ज 1.2 अरब डॉलर यानी करीब 9,956 करोड़ रुपये का है।

बायजू को उम्मीद है कि बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी कंपनी एपिक और कौशल विकास मंच ग्रेट लर्निंग की बिक्री से उसे 80 करोड़ डॉलर से लेकर 100 करोड़ डॉलर तक की रकम मिल सकती है। इसके अलावा भारतीय कंपनी बायजू को इक्विटी हिस्सेदारी की बिक्री से भी कुछ रकम मिलने की उम्मीद है। वह इन संपत्तियों की बिक्री के लिए रणनीतिक निवेशकों के संपर्क में है। इस बारे में टिप्पणी के लिए बायजू को भेजे गए ईमेल का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है। भारत के सबसे मूल्यवान स्टार्टअप माने जाने वाले बायजू को अगले छह महीनों में 1.2 अरब डॉलर का अपना समूचा सावधि कर्ज चुका देने की उम्मीद है। इस क्रम में उसने अगले तीन महीनों में 30 करोड़ डॉलर चुकाने का प्रस्ताव कर्जदाताओं के समक्ष रखा है। हालांकि अभी तक कर्जदाताओं ने बायजू के प्रस्ताव पर कोई जवाब नहीं दिया है। बायजू ने नवंबर, 2021 में सावधि ऋण सुविधा के जरिये विदेशी निवेशकों से 1.2 अरब डॉलर का कर्ज लिया था।



# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दल सनातन हिंदू धर्म को मिटाना चाहते हैं: मुख्यमंत्री सावंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दल सनातन हिंदू धर्म को मिटाना चाहते हैं।

सावंत ने इंदौर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा,''बाबर जैसे मुगल शासकों, अंग्रेजों और जबरिया धर्मांतरण के एजेंडा के साथ गोवा आए पुर्तगालियों ने सनातन हिंदू धर्म को मिटाने की कोशिश की थी, लेकिन ये सब इसमें कामयाब नहीं हो सके। अब 'इंडिया' गठबंधन में शामिल दल मिलकर सनातन धर्म को मिटाना चाहते हैं। इसलिए सनातन हिंदू धर्म के लोगों के लिए उचित रहेगा कि वे इन दलों को भगाएं।'' उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दलों के नेता सनातन हिंदू धर्म के बारे में लगातार अपशब्द का इस्तेमाल कर रहे हैं और सनातन हिंदू धर्म का अपमान इस गठजोड़ की नीति है।

सावंत ने यह भी कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) का नाम बदलकर भले ही इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) कर दिया गया है, लेकिन नाम बदलने से नीतियां और काम नहीं बदलता। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन में शामिल तमाम दलों की हकीकत जनता अच्छे से जानती है।

शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने दावा किया है कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के लिए देशभर से बड़ी संख्या में लोगों के जुटने की उम्मीद की जा रही है और इस समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे लोगों के साथ ''गोधरा जैसी घटना हो सकती है।

ठाकरे के इस बयान को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सावंत ने कहा,''मुझे पता नहीं है कि ठाकरे के मन में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम के संबंध में शंका-कुशंका क्यों है। आप (मीडिया) इस बारे में उनसे ही सवाल कीजिएगा।''

# निफ्टी ने पहली बार छुआ 20,000 का स्तर, सेंसेक्स 67,000 के ऊपर बंद

**मुंबई/भाषा।** घरेलू निवेशकों की तगड़ी लिवाली आने से स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 528 अंक उछलकर एक बार फिर 67,000 के पार पहुंच गया जबकि एनएसई निफ्टी ने पहली बार रिकॉर्ड 20,000 अंक का स्तर छुआ। विश्लेषकों ने कहा कि दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन से बनी सकारात्मक धारणा के बीच दिग्गज कंपनियों रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी बैंक में खरीदारी आने से शेयर बाजारों को रफ्तार देने का काम किया।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 528.17 अंक यानी 0.79 प्रतिशत उछलकर 67,127.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 573.22 अंक तक उछलकर 67,172.13 पर भी पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 176.40 अंक या 0.89 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,996.35 पर बंद हुआ।



# कच्चा तेल महंगा होने पर भी रह सकता है नौ-दस डॉलर का मार्जिनः रिपोर्ट

**नई दिल्ली/भाषा।** पिछले दस महीनों में कच्चे तेल का दाम पहली बार 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने के बावजूद घरेलू पेट्रोलियम रिफाइनिंग कंपनियां चालू वित्त वर्ष में नौ-दस डॉलर प्रति बैरल का मार्जिन कमा सकती हैं। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है।

केयरएज रेटिंग्स की सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल से अधिक होने के साथ ही रूसी कच्चे तेल 'यूराल' और अंतरराष्ट्रीय कीमतों के बीच फासला बढ़ गया है। बड़े पैमाने पर रूसी तेल पर निर्भर भारतीय तेल कंपनियां इसे 60 डॉलर प्रति बैरल के भीतर ही खरीद सकती हैं। जी-7 समूह ने रूसी तेल के लिए यह मूल्य दायरा तय किया हुआ है। रिपोर्ट कहती है कि रूसी तेल 60 डॉलर प्रति बैरल की सीमा से कम भाव पर ही बिकता रहा है लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में कच्चे तेल के दाम में उछाल आने से अब यह 69 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर पहुंच गया है। इस वजह से भारत के कुल कच्चा तेल उपभोग में रूसी तेल की हिस्सेदारी 40% से घटकर 34 प्रतिशत पर आ गई है।

# महिलाओं से छेड़छाड़-दुष्कर्म के आरोपियों को नहीं मिलेगी सरकारी नौकरी, आदेश जारी

**रायपुर/भाषा।** छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़ तथा दुष्कर्म के आरोपियों को सरकारी नौकरी नहीं देने का फैसला किया है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने महिला सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला किया है। बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को अब सरकारी नौकरी नहीं मिलेगी। इस संबंध में राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने सोमवार को आदेश जारी कर दिया है।

मुख्यमंत्री बघेल ने 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में बालिकाओं और महिलाओं से छेड़छाड़, दुष्कर्म आदि के आरोपियों को शासकीय नौकरी से प्रतिबंधित करने की घोषणा की थी। अधिकारियों ने बताया कि सामान्य प्रशासन ने सभी विभागों, राजस्व मंडल के अध्यक्षों, विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।



# बंद के बीच अनिल कुंबले को बस से करना पड़ा सफर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु में निजी ट्रांसपोर्टरों के विरोध के कारण ऐप-आधारित कैब न मिलने पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले को सोमवार को यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घर वापस जाने के लिए बीएमटीसी बस की सवारी करनी पड़ी। कुंबले ने बेंगलूरु बंद के बीच एक तस्वीर के साथ एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए लिखा, बीएमटीसी बस से आज हवाईअड्डे से घर वापस आ रहा हूं।

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच और दुनिया के सबसे बेहतरीन स्पिनरों में से एक की सादगी के भाव ने लोगों को प्रभावित किया। इससे शटडाउन को राष्ट्रीय स्तर पर भी तवज्जो मिली। पोस्ट तुरंत वायरल हो गई। इसे 419,000 से ज्यादा व्यूज और 15,000 लाइक्स मिल चुके हैं। प्रशंसकों ने कहा है कि कुंबले का यह कदम बेंगलूरु की जनता के लिए सबसे अच्छी प्रेरणा है।

कर्नाटक प्राइवेट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन राज्य सरकार की शक्ति योजना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस योजना के तहत महिलाएं गैर-लक्जरी बसों में मुफ्त बस यात्रा करती हैं, जिसका असर निजी ट्रांसपोर्टरों पर पड़ा है। वे सरकार से योजना के कारण राजस्व घाटे की भरपाई करने की मांग कर रहे हैं।

इस बीच हवाईअड्डा अधिकारियों और विस्तारा एयरलाइन ने यात्रियों को बंद के बीच हवाईअड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय देने की सलाह जारी की है। विस्तारा ज़ेड ने बताया कि 11 सितंबर को 'बेंगलूरु बंद' के कारण निजी परिवहन बाधित हो सकता है। बेंगलूरु से यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे हवाई अड्डे तक अपनी यात्रा के लिए अधिक समय दें।











# निजी परिवहन चालकों के बंद का दिखा असर

## बाहर से आने वाले यात्री हुए परेशान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'कर्नाटक राज्य निजी परिवहन संघों' के महासंघ द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को बुलाए गए 'बेंगलूरु बंद' के दौरान यात्रियों को अच्छा खासा परेशान होना पड़ा। महासंघ बुलाए गए बंद के कारण ऑटो, टैक्सी, मैक्सी कैब, मालवाहक वाहन और कॉर्पोरेट बसों सहित लाखों निजी वाहन सड़कों पर नहीं उतरे। महासंघ में कुल 32 निजी परिवहन संघ शामिल हैं, और ज्यादातर निजी परिवहन सेवाएं बंद रही।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चूंकि निजी मैक्सी कैब कई स्कूली बच्चों के लिए परिवहन के मुख्य साधनों में से एक है, इसलिए शहर के कुछ स्कूलों ने छात्रों को असुविधा से बचने के लिए आज छुट्टी घोषित कर दी है।

हवाई अड्डे से आने वाले यात्रियों को बसों का सहारा लेना पड़ा। बेंगलूरु एयरपोर्ट अथॉरिटी ने भी यात्रियों की सुविधा के लिए बंद के मद्देनजर एयरपोर्ट कर जरूरी इंतजाम किए।

निजी ट्रांसपोर्टरों ने दावा किया है कि शक्ति योजना से उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है और राज्य सरकार ने बार-बार चर्चा के बावजूद उनकी मांगों को पूरा नहीं किया है।

सुबह 9 बजे बड़ी संख्या में संघ के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बेंगलूरु सिटी रेलवे स्टेशन के आसपास जुटना शुरु हुए। यहां डीआरएम ऑफिस के समाने स्थित संगोली रायन्ना की मूर्ति पर पुष्पाहार अर्पित कर एक रैली फ्रीडम पार्क के लिए निकाली गई। फीडम पार्क में पहुंचकर सभा का आयोजन किया गया। बैठक में परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी भी पहुंचे उन्होंने संघ को हड़ताल वापस लेने की गुहार लगाई और उनकी मांगों पर ध्यान देने की बात कही। रामलिंगा रेड्डी से बातचीत के बाद संघ के सदस्यों ने विचार विमर्श कर हड़ताल को लगभग दोपहर 3 बजे वापस ले लिया साथ ही उन्होंने शर्त रखी कि अगर मंगलवार शाम तक उनकी मांगों की मंजूरी लिखित में सरकार की ओर से नहीं मिली तो वह वापस आंदोलन को तेज करेंगे। दोपहर बाद शहर में धीरे धीरे यातायात सामान्य होने लगा।

वहीं सुबह बंद के दौरान संघ के कार्यकर्ताओं ने जगह जगह दो पहिया टैक्सी वालों को रोककर उनके साथ बदसलूकी की। वहीं पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर उनपर 13 प्रकरण को दर्ज किया है। केन्द्र विभाग में 3 लोगों को, उत्तर विभाग में 6 लोगों को, ईशान विभाग में 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनके ऊपर पत्थरबाजी, वाहनों को रोकना, चालकों पर हमला आदि प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

## ट्रांसपोर्टरों का बंद

# सिद्दरामैया ने मांग खारिज की, शिवकुमार ने बताया ब्लैकमेल का प्रयास

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को प्रदर्शनकारी ट्रांसपोर्टरों की मांग पूरी करने से इनकार कर दिया। दूसरी तरफ, उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने बंद के आह्वान को 'सरकार को ब्लैकमेल करने' और राजनीति का प्रयास करार दिया। शिवकुमार ने कहा, 'सरकार को ब्लैकमेल करना और यात्रियों को असुविधा में डालना अच्छी बात नहीं है। मुफ्त यात्रा शक्ति योजना से महिलाओं को लाभ हुआ है।' बेंगलूरु में पत्रकारों से बात करते हुए, शिवकुमार ने कहा कि मुफ्त यात्रा योजना के कार्यान्वयन की पृष्ठभूमि में निजी बसों के मालिक संकट में हैं। उन्होंने कहा, हम इस संबंध में कार्रवाई करेंगे। भले ही ऑटो चालक परेशानी में हों, हम इस पर गौर करेंगे क्योंकि हम स्थिति से अवगत हैं।

मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसा कहा जा रहा है कि मुफ्त यात्रा योजना लागू होने से निजी बसों को घाटा हो रहा है। उन्होंने कहा 'निजी ट्रांसपोर्टरों' ने घाटे की भरपाई के लिए सरकार के सामने मांग रखी है। निजी परिवहन संगठनों की यह मांग पूरी नहीं की जा सकती। मैसूरु में पत्रकारों से बात करते हुए, मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा, निजी ट्रांसपोर्टर अवास्तविक मांगें रख रहे हैं। वे मुफ्त यात्रा योजना के कारण हुए नुकसान का दावा कर रहे हैं, क्या उनके नुकसान की भरपाई करना संभव है? उनके विरोध पर कार्रवाई करने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्हें कानून का उल्लंघन किए बिना विरोध करने दें। परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी मांगों पर गौर करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने मांग की कि सरकार को बिना अहंकार और मानवता के साथ मांगों पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा, मांगें असंभव नहीं हैं। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि उनके पास परिवार, माता-पिता और बच्चों की जिम्मेदारी है। उन्होंने आगे कहा कि गारंटी योजनाओं के दुष्प्रभाव लोगों पर पड़ने लगे हैं। जिन लोगों ने कैब, टैक्सी के लिए कर्ज लिया और अपनी आजीविका चलाई, वे सड़कों पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि निजी परिवहन नेटवर्क जो सरकारी परिवहन के बराबर संचालित होता था, अब नष्ट हो गया है।



# 'ग्रांडपैरेंट्स डे' पर वृद्धजनों के हालचाल जाने

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'द नेस्ट-सोशल रिफॉर्म्स फॉर ओल्ड एज पेरेंट्स' ने रविवार को 'लिटिल होराइजन्स मोंटेसरी प्रीस्कूल एंड डेकेयर, बसवनपुरा' के सहयोग से 'दादा-दादी और पोते-पोतियों के बीच संबंधों का महत्त्व' की थीम पर 'ग्रांडपैरेंट्स डे' मनाया।

इसके तहत 'श्री शिवशक्ति ओल्ड एज केयर होम' का दौरा किया गया और खाद्यान्न, बाजरा, दैनिक उपयोग की चीजें, कपड़े आदि दान किए, वहां रहने वाले वृद्धजन से मुलाकात की और उनके हालचाल जाने। इसके अलावा, लिटिल होराइजन्स मोंटेसरी प्रीस्कूल और डेकेयर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संगीता थानेकर, जया भट्ट, सुमंगला हेगड़े और शारदा के मंगलाचरण गीतों से हुई। इसके बाद पूर्व आईएएस व तीन (पूर्व) प्रधानमंत्रियों के प्रधान सचिव रहे एसएस मीनाक्षीसुंदरम, केनरा बैंक के महाप्रबंधक मनोज कुमार दास, पूर्व जीएम-एचआर के विरुपाक्ष, लिटिल होराइजन्स मोंटेसरी प्रीस्कूल की प्रिंसिपल क़मर, सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार ने दीप प्रज्वलित किया।

मुख्य भाषण एसएस मीनाक्षीसुंदरम ने दिया। स्नेहा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। बच्चों और वृद्धजन को दंत चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। डॉ. नीरजा ने दंत चिकित्सा देखभाल सत्र लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यक्रम की मेजबानी इंदुमती ने की तथा संचालन अनिल कुमार ने किया।

# कावेरी नदी जल बंटवारे के मुद्दे पर तमिलनाडु 'अनावश्यक परेशानी' खड़ी कर रहा है : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने सोमवार को केंद्र की भाजपा नीत सरकार पर कावेरी नदी पर मेकेदातु संतुलन जलाशय के निर्माण को मंजूरी देने में देरी का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य तमिलनाडु इस मुद्दे पर अनावश्यक परेशानी खड़ी कर रहा है। कर्नाटक मेकेदातु परियोजना के कार्यान्वयन के लिए दबाव डाल रहा है। उसका कहना है कि वर्षा संकट के दौरान दोनों राज्यों (कर्नाटक और तमिलनाडु) के बीच कावेरी जल विवाद का यही एकमात्र समाधान है।

सिद्दरामैया ने कहा, केंद्र की भाजपा सरकार ने मेकेदातु परियोजना को इजाजत नहीं दी है। तमिलनाडु के पास इस परियोजना का विरोध करने का कोई कारण नहीं है। यह हमारे क्षेत्र में है, तमिलनाडु को 177.25 टीएमसी पानी आवंटित किया गया है और हमें सामान्य वर्षों में इतना पानी उन्हें छोड़ना पड़ता है। संकट के समय संकटकालीन उपायों का पालन करना चाहिए।



पत्रकारों से यहां बात करते हुए उन्होंने तमिलनाडु पर मेकेदातु परियोजना को लेकर बेवजह बाधा खड़ी करने का आरोप लगाया और कहा कि कर्नाटक द्वारा डीपीआर (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) सौंपने के बावजूद अनुमति नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा, उन्हें (केंद्र को) कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण को (अनुमति देने के लिए) बताना होगा, क्योंकि यह भारत सरकार के अधीन आता है, लेकिन वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। सर्वदलीय बैठक में प्रदेश भाजपा के नेताओं ने कहा कि वे इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करेंगे, लेकिन वे यहां आते हैं और राजनीति करते हैं।

मुख्यमंत्री राज्य में कम बारिश के कारण नदी घाटी क्षेत्र में पानी की कमी के खतरे का सामना करने के बावजूद तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी जारी करने के उनकी सरकार के कदम की भाजपा द्वारा की गई आलोचना से जुड़े एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक खुशी से नहीं, बल्कि सीडब्ल्यूएमए के आदेश के कारण तमिलनाडु को पानी छोड़ रहा है। सिद्दरामैया ने कहा कि उनकी सरकार राज्य के किसानों के हितों की रक्षा करने और मैसूरु, बेंगलूरु और कई अन्य जिलों की पेयजल आवश्यकताओं की रक्षा करने के लिए कर्तव्य से बंधी है।

# आईटीआई ने उतारा अपना लैपटॉप, माइक्रो पर्सनल कंप्यूटर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी आईटीआई लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसने अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक लैपटॉप एवं माइक्रो पीसी' को विकसित करने के साथ उन्हें बाजार में पेश किया है।

बेंगलूरु स्थित कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 'स्मैश' ब्रांड के तहत पेश किए गए ये दोनों उत्पाद बाजार में पहले ही वितरित किए जा चुके हैं। आईटीआई ने एसर, एचपी, डेल और लेनोवो जैसी दिग्गज कंपनियों को पीछे छोड़ते हुए कई निविदाएं भी अपने नाम की हैं।

आईटीआई ने अपने लैपटॉप एवं माइक्रो पर्सनल कंप्यूटर (पीसी) को इंटेल कॉरपोरेशन के साथ मिलकर विकसित किया है। इसके लिए दोनों कंपनियों के बीच डिजाइन एवं विनिर्माण संबंधी एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए थे। आईटीआई ने दावा किया कि उसका छोटे आकार का पीसी किसी भी दूसरे पर्सनल




कंप्यूटर की तरह गणना करने में सक्षम होने के साथ कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने में भी उल्लेखनीय योगदान देता है। कंपनी के मुताबिक, उसके 12,000 से अधिक पीसी पहले से ही सफलतापूर्वक काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि उसका पीसी सौर समाधानों के अनुरूप भी ढाला जा सकता है। उसने 'स्मैश' ब्रांड के उत्पादों को बिजली, लागत एवं घेरने वाली जगह के लिहाज से किफायती बताया है।

आईटीआई के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राजेश राय ने कहा कि स्मैश ब्रांड को ग्राहकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और कड़ी प्रतिस्पर्द्धा वाले बाजार में अनुबंध हासिल करने में मदद मिल रही है।

# उच्च न्यायालय ने कूड़ा निस्तारण नियमों के उल्लंघनकर्ताओं पर आपराधिक कार्रवाई का सुझाव दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सुझाव दिया है कि बेंगलूरु प्रशासन उन लोगों पर जुर्माना राशि बढ़ाए जो ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली का उल्लंघन करते हैं तथा उनपर भारतीय दंड संहिता के तहत आपराधिक कार्रवाई करे क्योंकि वर्तमान जुर्माना प्रतिरोधक के तौर पर काम करने के लिए नाकाफी है। बृहद् बेंगलूरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) द्वारा 2019 और 2023 के बीच नियमों के 3.84 लाख उल्लंघनकर्ताओं से बस 11.66 करोड़ रुपये जुर्माना वसूले जाने की एक रिपोर्ट पर विचार करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि हर उल्लंघनकर्ता से वसूली गयी जुर्माना राशि इतनी छोटी रकम है कि वह प्रतिरोधक का काम नहीं कर पाती है।

मुख्य न्यायाधीश प्रसन्ना बी. वराले और न्यायमूर्ति कृष्णा एस. दीक्षित की खंडपीठ 12 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है जिनमें बेंगलूरु में प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन की मांग की गयी है। पहली ऐसी जनहित याचिका 2012 की है और अदालत ने इन वर्षों में राज्य सरकार और बीबीएमपी को कई निर्देश जारी किये हैं।

उच्च न्यायालय ने सुझाव दिया कि जुर्माना बढ़ाने के अलावा बीबीएमपी उल्लंघनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई करने और भादंसं के उपयुक्त प्रावधानों का इस्तेमाल करने पर भी विचार कर सकता है।

बेंगलूरु के कई रेसीडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, राज्य सरकार और बीबीएमपी इस जनहित याचिका में प्रतिवादी हैं। उच्च न्यायालय ने कहा, यदि अपार्टमेंट मालिकों, फ्लैट मालिकों या सोसायटी में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को उल्लंघनकर्ता के तौर पर पाया जाता है तो प्रतिवादी बीबीएमपी द्वारा उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ उपयुक्त कदम उठाया जाना जरूरी है।'

# 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' का उद्देश्य पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों को स्थगित करना : प्रशांत भूषण

बेंगलूरु। उच्चतम न्यायालय के जानेमाने वकील और कार्यकर्ता प्रशांत भूषण ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों को स्थगित करने के इरादे से एक 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' का प्रचार कर रही है। इस साल के अंत में मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव होने हैं। भूषण ने यहां रविवार को संवाददाताओं से कहा, 'भारत जैसे संसदीय लोकतंत्र में 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' लागू नहीं हो सकता है क्योंकि हमारे देश में सरकार बहुमत खो देने पर अपने कार्यकाल के बीच में ही गिर जाती है और एक नयी सरकार बनती है।' उन्होंने दावा किया कि अगर 'एक राष्ट्र-एक चुनाव' के विचार को लागू किया जाता है तो सरकार गिरने की स्थिति में राष्ट्रपति शासन लागू करना होगा जो लोकतंत्र के खिलाफ है।

# मेरी लाश भी भाजपा में नहीं जाएगी: सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अतीत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में जाने का प्रयास करने संबंधी दावों को सोमवार को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उनकी लाश भी भाजपा में नहीं जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी सांप्रदायिक ताकतों से लड़ाई लड़ी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह भाजपा नेताओं से मिल सकते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उन्होंने अपनी विचारधारा कुर्बान कर दी।

सिद्दरामैया ने जनता दल एस (जदएस) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी के बयान पर यह टिप्पणी की, जिन्होंने कहा था कि सिद्दरामैया ने अतीत में भाजपा में शामिल होने की योजना बनाई थी और इस संबंध में वह भगवा पार्टी के नेताओं से मिले थे।

सिद्दरामैया ने यहां पत्रकारों से कहा, क्या किसी के लिए इसकी कल्पना करना संभव है? मेरा राजनीतिक जीवन ही धर्मनिरपेक्षता के लिए रहा है और मैं हमेशा सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ लड़ता रहा हूं।

उन्होंने कहा, मैं नेताओं से मिल सकता हूं... मैं आडवाणी (भाजपा के वयोवृद्ध नेता लालकृष्ण आडवाणी) से मिला हूं, हाल ही में मैं अमित शाह (केंद्रीय गृह मंत्री) से भी मिला था... मेरी लाश भी भाजपा में नहीं जाएगी। सोशलिस्ट पार्टी के समय से ही मेरी राजनीति सांप्रदायिक ताकतों के खिलाफ रही है।

# दुश्मनी के चलते 23 कबूतरों को मार डाला

हुब्बल्ली। यहां एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां बदमाशों ने पुरानी दुश्मनी के चलते 23 कबूतरों को मार डाला। घटना शनिवार को यवागल इलाके में स्थित घर में हुई। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने कबूतरों की गर्दनें काट दी। सभी कबूतर राहुल डेंडेली के थे। डेंडेली पिछले छह महीने से कबूतरों को पाल रहा था। बदमाशों ने परिसर में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने घोंसलों को भी नष्ट कर दिया था। पीड़ित ने हुब्बल्ली उपनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और संदेह जताया कि यह कृत्य पुरानी दुश्मनी का नतीजा है।

# महिला से बलात्कार कर की हत्या

यादगीर। कर्नाटक के यादगीर जिले से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक महिला के साथ उसकी सगाई के कुछ दिन बाद बलात्कार कर उसकी हत्या कर दी गई। पीड़िता की पहचान मुदनाल टांडा निवासी सविता राठौड़ (35) के रूप में हुई है। पीड़िता की सगाई हो चुकी थी और जल्द ही उसकी शादी होने वाली थी।

दक्षिण पश्चिम रेलवे
G20
ई-निविदा सूचना सं: ECN-24-2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं:

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
| --- | --- |
| तुमकूरु - रायदुर्गा नई बीजी लाईन में मडकशिरा - पावगडा के बीच में कि.मी. 86/300, कि.मी. 88/200, कि.मी. 84/200, कि.मी. 103/020, कि.मी. 101/600-700 पर मौजूदा 66केवी/132केवी सिंगल / डबल / मल्टी सर्क्यूट पॉवर लाईन क्रॉसिंग में बदलाव करना कार्य। | रु. 9,91,42,886.40 |

निविदाओं जमा करने की अंतिम तिथि: 29.09.2023, 11.00 बजे तक
विवरण के लिए लॉग ऑन करें www.ireps.gov.in में
उप मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/निर्माण
बेंगलूरु छावनी
PUB/362/AAD/PRB/SWR/2023-24
S.W.Railways SWRRLY SWRRLY



# राजस्थान में कांग्रेस को झटका, भाजपा में शामिल हुईं पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। राजस्थान विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले कांग्रेस के दो नेता ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी सोमवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। प्रदेश की नागौर लोकसभा सीट से सांसद रहीं ज्योति मिर्धा और भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी चौधरी ने भाजपा मुख्यालय में वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले ज्योति मिर्धा के शामिल होने को राजस्थान सत्तारूढ़ कांग्रेस के लिए एक झटका माना जा रहा है। जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाली ज्योति कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पौत्री हैं। भाजपा महासचिव और राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने ज्योति मिर्धा और चौधरी का पार्टी में स्वागत किया। सिंह ने संवाददाताओं से कहा, ज्योति मिर्धा और सवाई सिंह चौधरी के शामिल होने से भाजपा परिवार को मजबूती मिली है।

उन्होंने यह भी कहा, ज्योति मिर्धा बहुत लोकप्रिय नेता हैं। उधर, राजस्थान के खाद्य मंत्री प्रताप सिंह खाचरयिावास ने ज्योति मिर्धा के कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामने पर सोमवार को कहा कि राजनीति किसी की मोहताज नहीं है और इसमें फैसला जनता करती है। साथ ही, उन्होंने दावा किया कि राज्य में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है। खाचरियावास ने जयपुर में संवाददाताओं से कहा, राजनीति में सबको अपना अधिकार है...चुनाव आ रहे हैं तो कोई भाजपा, कोई कांग्रेस में जा रहा है...यह सब देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा, राजनीति किसी की मोहताज नहीं, राजनीति में जनता फैसला करती है...ऊपर वाले के आशीर्वाद से फैसला आता है। इस वक्त राज्य में कांग्रेस के पक्ष में माहौल है जो पूरा देश देख रहा है।

खाचरियावास का कहना था, आगे क्या होगा, क्या नहीं, यह तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन ये वे लोग हैं जो सक्रिय नहीं हैं...एक ऐसा भी व्यक्ति होता है जो सक्रिय रहता है... राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (आरएलपी) सांसद हनुमान बेनीवाल सक्रिय नेता हैं, जिन्होंने विश्वविद्यालय से निकलकर अपनी पार्टी बनाई, लेकिन ज्योति मिर्धा तो कांग्रेस के बैनर तले चुनाव जीतीं। मिर्धा परिवार दशकों तक राजस्थान के मारवाड़ की राजनीति की धुरी रहा है। ज्योति मिर्धा के दादा नाथूराम मिर्धा की कांग्रेस और राज्य की राजनीति में अच्छी पकड़ थी। नाथूराम सांसद और विधायक भी रहे थे। नाथूराम की पोती ज्योति मिर्धा पेशे से चिकित्सक हैं। उन्होंने 2009 में नागौर से लोकसभा चुनाव जीता, लेकिन वह 2019 का लोकसभा चुनाव हार गईं। नागौर जाट बहुल इलाका है। पिछले कुछ वर्षों में इस इलाके में आरएलपी ने अपनी पकड़ बनाने की कोशिश की है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने नागौर सीट राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दल आरएलपी के लिए छोड़ दी थी।

आरएलपी के संयोजक हनुमान बेनीवाल इस सीट से विजयी रहे और कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति मिर्धा को हार का सामना करना पड़ा। बेनीवाल बाद में तीन विवादित कृषि कानूनों के मुद्दे पर राजग से अलग हो गए। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के पूर्व अधिकारी सवाई सिंह चौधरी ने भी सोमवार को भाजपा का दामन थाम लिया। चौधरी ने 2018 का विधानसभा चुनाव खींवसर सीट से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में लड़ा था।

# भाजपा राजस्थान को बदनाम कर रही है, मध्यप्रदेश में अपराध यहां से अधिक : गोगोई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में कानून व्यवस्था 'बिगड़ने' के दावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने रविवार को हमला बोला राज्य को बदनाम करने का आरोप लगाया। असम से कांग्रेस सांसद गोगोई ने यह भी दावा किया कि अपराध के मामले में भाजपा शासित मध्य प्रदेश की स्थिति राजस्थान से कहीं ज्यादा खराब है। जयपुर में संवाददाताओं से बातचीत में गोगोई ने कहा, मध्यप्रदेश में अपराध राजस्थान की तुलना में बहुत अधिक है। दुख की बात यह है कि भाजपा राजस्थान को बदनाम करने पर तुली है। भाजपा ने लंबे समय से राजस्थान में 'बिगड़ती' कानून-व्यवस्था, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ अपराध को लेकर अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार को निशाना बना रही है ।

भाजपा के राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि राजस्थान में नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसे जघन्य सामने आए हैं लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे ने कभी कुछ कहने की जहमत नहीं उठाई।

सिंह ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा था इस तरह के जघन्य अपराध केवल राजस्थान में सामने आ रहे हैं। अगर देश में कहीं 'जंगल राज' है, तो वह राजस्थान में है। हालांकि, गोगोई ने भाजपा के आरोपों को खारिज कर दिया और दावा किया कि राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस को सत्ता में वापस लाने का मन बना लिया है।



# ईआरसीपी को लेकर पांच दिवसीय यात्रा निकालेगी कांग्रेस : डोटासरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। विधानसभा चुनाव से पहले पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को बड़ा मुद्दा बनाने की कोशिश में जुटी कांग्रेस इस महीने इसको लेकर पांच दिवसीय यात्रा निकालेगी। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने संवाददाताओं को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा,ईआरसीपी को लेकर इसी महीने पांच दिन की यात्रा निकालेंगे और यह नहर हमारा हक है जिसे लेकर रहेंगे... इनको (भारतीय जनता पार्टी) बेनकाब करेंगे। डोटासरा ने कहा कि 13 जिलों के लिए यह परियोजना पूर्ववर्ती वसुंधरा राजे सरकार द्वारा तैयार की गई थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के राजस्थान से होने के बावजूद इस परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार लंबे समय से ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने की मांग कर रही है। राज्य में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होना है। यहां कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक के बाद डोटासरा ने कहा कि जल्द ही अभियान कार्यक्रम तय कर उसकी घोषणाएं की जाएंगी। डोटासरा ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा की परिवर्तन यात्राएं विफल रही हैं।

अभियान समिति की बैठक समिति के अध्यक्ष और मंत्री गोविंद राम मेघवाल की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी सहित अन्य नेता शामिल हुए। बैठक में चुनाव प्रचार और उसका खाका तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। डोटासरा ने कहा कि लोग कांग्रेस सरकार के कामकाज और शासन से खुश हैं और दोबारा कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। कांग्रेस नेता ने कहा,कांग्रेस पूरे दिल से लोगों के लिए काम करती है जबकि भाजपा केवल बातें करती है।

भाजपा धर्म, हिंदू-मुसलमान की बात करके सत्ता में आना चाहती है, लेकिन ऐसा नहीं होगा। राज्य में मुख्य विपक्षी दल भाजपा द्वारा निकाली जा रही परिवर्तन यात्राओं को विफल करार देते हुए डोटासरा ने दावा किया कि भाजपा आलाकमान इससे नाराज है। डोटासरा ने कहा,भाजपा के राज्य नेताओं को पार्टी आलाकमान ने दिल्ली में बुलाया था और यात्राओं में लोगों के नहीं आने के लिए उन्हें डांटा था। उन्होंने बताया कि जयपुर में पार्टी के नये मुख्यालय का भवन बनना है। पार्टी ने इसका शिलान्यास कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी द्वारा करवाने का प्रस्ताव दिया है।

# सड़क हादसे में छह की मौत, दो घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में रविवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में दो परिवारों के छह लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि रूपबास थाना क्षेत्र में यह हादसा रविवार देर रात करीब एक बजे एक कार और निजी बस की टक्कर के कारण हुआ। पीड़ित खाटू श्यामजी मंदिर (सीकर) से धौलपुर जिले में अपने घर लौट रहे थे। थाना प्रभारी बने सिंह ने बताया कि मौके पर दो सांड भी मृत पाए गए और प्रथम दृष्टया सांडों के आपस में लड़ने के कारण यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह पिचक गई। बने सिंह ने बताया कि इस हादसे में हरेंद्र सिंह (32), उनकी पत्नी ममता (30), उनकी बेटी जान्हवी (छह), ममता की बहन सुधा (35), उनके पति संतोष (37) और उनके बेटे अनुज (पांच) की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसा पुलिस थाने के पास हुआ और टक्कर के तुरंत बाद पुलिस एवं स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पीड़ितों को अस्पताल पहुंचाया लेकिन उनमें से छह को मृत घोषित कर दिया गया। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए जिनकी पहचान आयशा (16) और भावेश (15) के रूप में की गई है और कार सवार एक वर्षीय बच्चे को कोई चोट नहीं लगी। उन्होंने कहा कि मृतकों के शव पोस्टमॉर्टम के बाद उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए विविधिकरण की महत्ती आवश्यकता : मिश्र

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि कृषि से जुड़ी मौसमी व अन्य चुनौतियां के मद्देनजर कृषि के उत्पादन, संग्रहण और कृषि विपणन के कारगर तरीकों पर चिंतन किया जाए। राज्यपाल मिश्र सोमवार को स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में 'कृषकों की आय वृद्धि हेतु कृषि में विविधिकरण' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। बढ़ती जनसंख्या, छोटी होती जोत, प्राकृतिक संसाधनों की कमी, गिरता भूजल स्तर, वनों का कटाई, ग्रीन हाउस गैसों के दुष्प्रभाव, मृदा की उर्वरा शक्ति में कमी और जलवायु परिवर्तन जैसी अनेक चुनौतियां कृषि के समक्ष हैं।

# राजस्थान सरकार ने अपराध के मामलों में तेजी से कार्रवाई की है : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बांदीकुई में सोमवार को सचिन पायलट का स्वागत करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

जयपुर। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने सोमवार को कहा कि राज्य में कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने अपराध के मामलों में तेजी से कार्रवाई की है। उन्होंने मुख्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव आते ही ये जनता के बीच जाकर उन्हें गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में अपराध के मामले अधिक हुए हैं, लेकिन भाजपा के नेता राजस्थान में विधानसभा चुनाव को देखते हुए यहां कानून-व्यवस्था को मुद्दा बना रहे हैं।

राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी को निशाना बनाए जाने पर पलटवार करते हुए पायलट ने दौसा में संवाददाताओं से कहा, जब भी कहीं कोई प्रकरण हुआ है, उस पर तुरंत कार्रवाई की गई है और (कुछ ही) घंटों में लोगों को पकड़ा गया है... दोषियों पर संबंधित धाराएं लगाई गई हैं... उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पायलट ने कहा, ...घटनाएं कहीं भी हो सकती हैं, लेकिन उसके तुरंत बाद कार्रवाई भी की गई है और हमारी हमेशा कोशिश रहती है कि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा, बहरहाल बाकी राज्यों में जो कुछ हो रहा है उसको भी हमें देखना पड़ेगा... मैं समझता हूं कि चाहे उत्तर प्रदेश हो या मध्य प्रदेश, वहां अपराध का ग्राफ ज्यादा है, लेकिन आज जब चुनाव का मुद्दा आ गया तो उन्हें (भाजपा नेताओं को) सब बातें याद आ रही हैं। पायलट ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने वाले भाजपा नेता पांच साल तक नजर नहीं आये और अब लोगों को गुमराह करने में लग गये हैं। भाजपा की परिवर्तन यात्राओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, जो नेता ये भाषण दे रहे हैं, वे पांच साल से कहां गायब थे?

पांच साल में किस भाजपा नेता को आपने सड़क पर देखा? पांच साल तो इन्होंने आपसी खींचतान में निकाल दिए। अब चुनाव आ गए हैं तो रथों पर चढ़ गए हैं और जनता को गुमराह कर रहे हैं। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि जी20 रात्रिभोज में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए था।



# हर विद्यालय की मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कमेटी में भामाशाहों के प्रतिनिधि का होना अनिवार्य हो : कल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। बिड़ला सभागार में सोमवार को आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री डॉ बी.डी. कल्ला ने भामाशाहों को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका योगदान शिक्षा विभाग की उन्नति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। डॉ. कल्ला ने कहा कि शिक्षा विभाग भामाशाहों द्वारा प्राप्त दान का उपयोग स्कूलों के गुणात्मक सुधार और विस्तार के लिए कर रहा है । साथ ही कई योजनायें जैसे नि:शुल्क शिक्षा, मिड डे मील, बाल गोपाल योजना, स्कूल ड्रेस योजना का संचालन भी सुचारु रूप से किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि हर विद्यालय की मैनेजमेंट एंड डेवलपमेंट कमेटी में भामाशाहों के प्रतिनिधि का होना अनिवार्य हो।

उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग की प्रमुख योजनाओं के कारण राज्य स्कूली शिक्षा गुणवत्ता सूचकांक में अग्रणी है व गत वर्ष शिक्षा विभाग ने 6 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

साथ ही इंस्पायर अवार्ड में राज्य के विद्यार्थी लगातार तीन वर्ष से सम्पूर्ण देश में प्रथम आ रहे हैं । उन्होंने कहा कि हर वर्ष शिक्षा विभाग की ओर से लगभग 400 करोड़ का व्यय शिक्षण संस्थानों की आधारभूत संरचना के लिए किया जाता है, जिसमें भामाशाहों का योगदान महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भी अपने विद्यालय के प्रति समर्पित रहने और पूर्व छात्रों को विद्यालय की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

इसी के साथ समारोह में शिक्षा मंत्री द्वारा राज्य स्तर पर 142 भामाशाहों को सम्मानित किया गया, जिनमें से 34 भामाशाहों को शिक्षा विभूषण तथा 108 भामाशाहों को शिक्षा भूषण सम्मान प्रदान किया गया। साथ ही 30 लाख रुपये या अधिक सहयोग राशि के लिए दानवीरों को प्रेरित करने वाले 'प्रेरकों' को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने कहा कि यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि भामाशाहों द्वारा प्राप्त दान का हम सदुपयोग करें। उन्होंने बताया कि विभाग का नवाचार मिशन स्टार्ट एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें ई-कक्षा द्वारा विद्यार्थियों को हर विषय का ई-कंटेंट उपलब्ध कराया जा रहा हैं । इस नवाचार के लिए उन्होंने भामाशाहों के योगदान का आव्हान किया।

# शैक्षिक नवाचारों को अपनाने से खुलेंगे आगे बढ़ने के रास्ते : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बीकानेर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की अवधारणा के साथ भारतीय जनमानस की आकांक्षाओं की अभिव्यक्ति है। मिश्र सोमवार को महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में 'हमारी शिक्षा प्रणाली में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को स्वीकृत करने की संभावनाएं और चुनौतियां' विषयक राष्ट्रीय सेमिनार के समापन और अमृत वाटिका के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

मिश्र ने कहा कि नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों की रुचि व विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसका उद्देश्य भारत को ज्ञान आधारित देश बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है, जिसमें नयेपन पर जोर हो। शैक्षिक नवाचारों को जितना अपनाया जाएगा, हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति व्यापक दृष्टिकोण पर आधारित नीति है, जो भारत को पुनः विश्व गुरु बनने की ओर बढ़ाएगी। शिक्षा नीति में भारतीय ज्ञान परंपरा का समावेश किया गया है। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत में विश्व को एक साथ रखकर विश्व बंधुत्व को साकार करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा नीति के परिपेक्ष्य में समय-समय पर ऐसे आयोजन करें।




मिश्र ने विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा के साथ पारिस्थितिकी संतुलन और पर्यावरण संरक्षण विषय पर किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा अमृत महोत्सव के तहत अमृत वाटिका तैयार की गई है तथा इसके पौधों के साथ बीकानेर संभाग के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों के शिला फलक लगाकर पौधों का नामकरण शहीदों और सेनानियों के नाम पर किया गया है। यह युवाओं के लिए प्रेरणादायक होगा। उन्होंने कहा कि मरुस्थलीय क्षेत्र में अत्यधिक गर्मी होती है। ऐसे में वन आच्छादित क्षेत्र में वृद्धि हो तो मृदा का क्षरण घटता है और भूजल स्तर सुधारने के साथ तापमान में कमी आती है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर सभी विश्वविद्यालयों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए निर्देशित किया गया है।

मिश्र ने बीकानेर के भाईचारे, आत्मीयता और अपनत्व को विशेष बताया। साहित्य, कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले डॉ. छगन मोहता, डॉ. श्रीलाल मोहता, हरीश भादाणी, मोहम्मद सदीक, अजीज आजाद, राजानंद भटनागर, निर्मोही व्यास, रामदेव आचार्य, यादवेंद्र शर्मा चंद्र और अन्नाराम सुदामा आदि के अवदान को याद किया।

# 'नई बनने वाली हर सड़क की पांच साल की हो गारंटी'



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/वार्ता।** दीपावली से पहले उत्तर प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। सोमवार को विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मॉनसून की स्थिति असामान्य है। आने वाले दिनों में कई जिलों में लगातार बारिश की संभावना है। इसका ध्यान रखते हुए नवंबर में दीपावली से पूर्व प्रदेश व्यापी सड़क गड्ढामुक्ति का अभियान चलाया जाए। जहां बरसात की स्थिति हो वहां, बोल्डर डालकर रोलर चलकर आवागमन सुगम किया जाए। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, मंडी परिषद, सिंचाई, ग्राम्य विकास एवं पंचायती राज, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, आवास, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आदि विभागों की करीब 04 लाख किलोमीटर सड़कें प्रदेश में हैं। हर एक सड़क पर चलना आम आदमी के लिए सुखद अनुभव वाला हो, यह हम सभी की जिम्मेदारी है। मेट्रो/एक्सप्रेस-वे जैसी बड़ी परियोजनाओं के कारण यदि पूर्व से संचालित सड़कें खराब होती हैं तो खराब होने के कारक विभाग को उत्तरदायी बनाया जाएगा।

गड्ढा मुक्ति अभियान के लिए विभागीय कार्ययोजना से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों के लिए बजट का कोई अभाव नहीं है, आवश्यकता है कि सभी विभाग बेहतर नियोजन करें। उन्होंने सभी विभागों को यह निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए सड़क बनाने वाली एजेंसी/ठेकेदार सड़क बनने के अगले पांच वर्ष तक उसके अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी उठाएगा। इस बारे में नियम-शर्तें स्पष्ट रूप से उल्लिखित की जाएं।

## चीन ने हमारी एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है: लद्दाख के उपराज्यपाल मिश्रा



**जम्मू/भाषा।** लद्दाख के उपराज्यपाल बी.डी. मिश्रा ने सोमवार को कहा कि चीन ने भारत की एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है और सशस्त्र बल किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार हैं। मिश्रा ने लद्दाख में भूमि के एक बड़े हिस्से पर चीन के कब्जा करने से संबंधित कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के दावे के बारे में पूछे जाने पर यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, मैं किसी के बयान पर टिप्पणी नहीं करूंगा। लेकिन मैं वही कहूंगा जो तथ्य है क्योंकि मैंने जमीनी तौर पर खुद देखा है कि चीन ने एक इंच भी जमीन पर कब्जा नहीं किया है। उन्होंने कहा, 1962 में जो कुछ भी हुआ, वह सबके सामने है। लेकिन आज हम अपनी जमीन के आखिरी इंच तक पर काबिज हैं। पत्रकारों के एक सवाल पर उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल किसी भी स्थिति के लिए तैयार हैं, और भगवान न करे अगर पानी सिर से ऊपर चला गया, तो मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर मिश्रा सेना द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि सैनिकों का मनोबल बहुत ऊंचा है।



## विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं मिली तो, टीएमसी दो अटूबर को राजघाट जाकर प्रार्थना करेगी : ममता

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर प्रतिशोध की राजनीति करने का आरोप लगाया और निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि अगर महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर राजघाट पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई तो उनकी पार्टी के लोग वहां प्रार्थना करेंगे। ममता बनर्जी ने अपने भतीजे और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता अभिषेक बनर्जी को केंद्र के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा भेजे गए समन की भी निंदा की।

अभिषेक बनर्जी को सरकारी स्कूल में नौकरियों से जुड़े कथित घोटाले के साथ-साथ कथित गाय तस्करी से जुड़े एक अन्य मामले में भी आरोपी बनाया गया है। टीएमसी प्रमुख ममता ने अभिषेक बनर्जी को समन भेजे जाने को एक युवा नेता को डराने-धमकाने की कोशिश करार दिया। हालांकि, विभिन्न मुद्दों पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस के साथ वाकयुद्ध में उलझी रहीं ममता बनर्जी ने बोस द्वारा राज्य सरकार और उन्हें भेजे गए संदेशों पर प्रकाश डाला। ममता ने अपने आगामी विदेश दौरे को लेकर बताया कि राज्यपाल ने केवल इतना कहा, ''आगामी विदेश यात्रा के लिए (आपको) शुभकामनाएं। '' ममता बनर्जी राज्य में निवेश की संभावना तलाशने के लिए दुबई और स्पेन की यात्रा पर जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, ''मैं पांच साल बाद विदेश जा रही हूं, इससे पहले विदेश यात्रा के लिए कोई अनुमति नहीं दी गई थी, हालांकि मेरे पास कई कार्यक्रमों के आमंत्रण आए थे।'' ममता बनर्जी ने कहा, दिल्ली पुलिस हमारी दुश्मन नहीं है, लेकिन वे हमें राजघाट पर विरोध प्रदर्शन की इजाजत नहीं दे पाएंगे, क्योंकि यह एक राजनीतिक अपील होगी।

## स्वामी विवेकानंद का शिकागो में दिया गया भाषण वैश्विक एकता के शंखनाद की याद दिलाता है: प्रधानमंत्री मोदी

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकागो में 130 साल पहले इस दिन दिया गया भाषण आज भी वैश्विक एकता और सद्भाव के शंखनाद की याद दिलाता है। स्वामी विवेकानंद ने 1893 में विश्व धर्म संसद में भाषण दिया था और यह भारत के प्राचीन मूल्यों और सांस्कृतिक लोकाचार के प्रतिपादन के लिए प्रसिद्ध है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, 130 साल पहले इसी दिन दिया गया स्वामी विवेकानन्द का शिकागो भाषण आज भी वैश्विक एकता और सद्भाव के शंखनाद के रूप में प्रतिध्वनित होता है। उन्होंने कहा, मानवता के व्यापक भाईचारे पर जोर देते हुए उनका कालातीत संदेश हमारे लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश स्तंभ है।


## किशन को भारतीय टीम के लिए पारी का आगाज करना चाहिये : रैना



**मुंबई/भाषा।** मध्यक्रम के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना ने विकेटकीपर ईशान किशन का समर्थन करते हुए कहा कि 25 साल के इस बल्लेबाज को भारतीय टीम के लिए पारी का आगाज करना चाहिये। रैना ने कहा कि टीम में किशन की मौजूदगी से माहौल सकारात्मक रहता है और वह टीम में उसी तरह की भूमिका निभा रहे है जैसा की चोटिल विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत निभाते थे। किशन ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप के ग्रुप चरण मैच में मुश्किल परिस्थितियों में पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 82 रन की परिपक्व पारी खेली थी। बायें हाथ का यह बल्लेबाज हालांकि घरेलू मैचों में झारखंड और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के लिए पारी का आगाज करता है। रैना ने जियो सिनेमा ने कहा, '' मैंने हमेशा कहा है कि ईशान किशन को पारी का आगाज करना होगा क्योंकि वह अपनी सकारात्मक शख्सियत से टीम का माहौल अच्छा बनाए रखता है।'' भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व वामहस्त बल्लेबाज ने 2016 और 2017 में किशन के साथ ड्रेसिंग रूम साझा किया है। रैना उस समय तत्कालीन आईपीएल फ्रेंचाइजी गुजरात लायंस के कप्तान थे और किशन भी इस टीम का हिस्सा थे। रैना ने इस युवा खिलाड़ी के साथ बिताए समय को याद करते हुए कहा, '' मैंने (आरोन) फिंच से कहा कि अगर ड्वेन स्मिथ और ब्रेंडन मैकुलम नहीं खेल रहे हैं, तो ईशान किशन को सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभानी चाहिए। मैं तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करूंगा। आप बाकी बल्लेबाजी क्रम का फैसला कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे याद है कि एक मैच में उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ राजकोट में चार-पांच छक्के लगाए थे। इस मैच में उन्होंने जिस तरह का जज्बा दिखाया था ,टीम को उसी की जरूरत थी।

## 'आयुष्मान भव' अभियान 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान शुरू किया जाएगा : मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि अंतिम छोर पर स्थित लोगों सहित प्रत्येक वांछित लाभार्थी तक बेहतर तरीके से स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रपति 13 सितंबर को एक अभियान शुरू करेंगी। उन्होंने कहा कि 'आयुष्मान भव' अभियान 13 सितंबर को शुरू किया जाएगा, लेकिन इसको 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर शुरू होने वाले 'सेवा पखवाड़े' के दौरान पेश किया जाएगा।

मांडविया ने कहा कि पखवाड़े के दौरान स्वास्थ सेवाओं तक पहुंच और जागरूकता को बढ़ाने के लिए 'सेवा पखवाड़ा' के दौरान कई कार्यक्रम की योजना बनाई गई है जिसका समापन दो अक्टूबर को होगा। मंत्री ने कहा कि अंत्योदय दृष्टिकोण के अनुरूप हर गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सभी के लिए स्वास्थ्य के लक्ष्य को हासिल करने के लिहाज से बहुत अहम है। आयुष्मान भव अभियान के तहत कई कार्यक्रम शामिल हैं जिसके अंतर्गत आयुष्मान आपके द्वार3, आयुष्मान मेला और आयुष्मान सभा आदि आते हैं। आयुष्मान आपके द्वार3 का मकसद शेष पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करना है। आयुष्मान मेले के तहत एबी-एचडब्ल्यूसी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी)के स्तर पर साप्ताहिक स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। आुष्मान सभा के तहत गांव और वार्ड स्तर पर विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल योजनाओं और सेवाओं के बारे में सभा आयोजित की जाएगी।



## असम में अचानक से बिजली की मांग बढ़ी है: शर्मा

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि राज्य में इस साल बिजली की मांग में भारी वृद्धि हुई है जिस कारण राज्य ने अपने स्रोतों से बिजली उत्पादन क्षमता का करीब पूरा इस्तेमाल कर लिया है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने बिजली की मांग को पूरा करने के लिए नियमित दरों पर अधिक बिजली खरीद की व्यवस्था की है जबकि विभिन्न बिजली उत्पादन कंपनियों के साथ समझौता करके दीर्घकालिक व्यवस्था की जा रही है। राज्य विधानसभा के शरदकालीन सत्र के पहले दिन बिजली परिदृश्य पर कार्य स्थगन प्रस्ताव का जवाब देते हुए शर्मा ने कहा कि राज्य में इस साल व्यस्त समय के दौरान बिजली की मांग में अचानक वृद्धि देखी गई है।

### निरीक्षण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल, मनोज सिन्हा सोमवार को आईआईटी जम्मू परिसर में उत्तरी कमान एसआईडीएम और आईआईटी जम्मू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी में एक स्टॉल का निरीक्षण करते हुए।

## मुख्यमंत्री को विदेश यात्रा पर तनाव नहीं देना चाहते हैं : बंगाल के राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने दो दिन पहले केंद्र तथा राज्य सरकार को भेजे दो ''गोपनीय'' पत्रों की जानकारियां देने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि वह नहीं चाहते कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी स्पेन की अपनी निर्धारित यात्रा के दौरान किसी तनाव में रहें। मुख्यमंत्री के यात्रा से लौटने के बाद वह उनके साथ इस मामले पर चर्चा करेंगे।

बोस ने यहां राजभवन में पत्रकारों से कहा, ''जो गोपनीय है उसे गोपनीय ही रहना चाहिए। मैं प्रेषक हूं, प्राप्तकर्ता इस पर प्रतिक्रिया देगा। मैं कुछ कहना चाहता था। राज्य को जो भी कुछ भेजा गया है, उस पर चर्चा करने का यह वक्त नहीं है क्योंकि मेरी संवैधानिक सहकर्मी मुख्यमंत्री विदेश जा रही हैं और मैं नहीं चाहता हूं कि उन्हें कोई तनाव दिया जाए।'' उन्होंने कहा, ''जब वह विदेश यात्रा पर हों तो उन पर कोई बोझ न रहे। उनके लौटने के बाद हम इस पर चर्चा करेंगे।'' राज्यपाल ने कई विश्वविद्यालयों में अंतरिम कुलपतियों की नियुक्तियों को लेकर राज्य सरकार तथा राजभवन के बीच तनातनी के बाद शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि को केंद्र तथा राज्य सरकार को दो सीलबंद पत्र भेजे थे। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने राजभवन द्वारा भेजे गए सीलबंद पत्रों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। राज्यपाल की बड़ी कार्रवाई की चेतावनी के कुछ देर बाद शनिवार को बसु ने इस टिप्पणी पर प्रतिक्रिया दी और ''शहर में नया वैंपायर (पिशाच)'' कहकर उनका (राज्यपाल का) मजाक उड़ाया।

बसु की 'वैंपायर' टिप्पणी पर राज्यपाल ने कहा, ''मेरे कनिष्ठ सहकर्मी ने जो कहा है, मैं उस पर टिप्पणी नहीं करूंगा।'' राजभवन में सूत्रों ने बताया कि बोस ने बनर्जी को रविवार को एक और पत्र लिखा जो महज नियमित कामकाज के सिलसिले में था। राज्यपाल द्वारा विधेयकों को पारित न करने के राज्य यरकार के आरोपों पर बोस ने कहा कि उन्होंने आठ में से सात विधेयकों को ''कुछ स्पष्टीकरण'' के लिए संबंधित विभागों के पास भेजा है। यह पूछे जाने पर कि राज्य के विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति कब होगी, इस पर बोस ने कहा, ''यह लंबी प्रक्रिया है। एक आकलन और चयन समिति होती है जो उच्चतम न्यायालय के फैसले और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों के अनुसार गठित की जानी चाहिए। इसके बाद ही नियमित कुलपतियों की तैनाती की जा सकती है।''

## सीमा विवाद सुलझाने के उपाय के तहत असम का हिस्सा बनने से खुश नहीं हैं अरुणाचल के ग्रामीण

**ईटानगर/भाषा।** असम के साथ दशकों से जारी सीमा विवाद को सुलझाने के एक प्रस्ताव के तहत अरुणाचल प्रदेश के लोअर सियांग जिले का एक गांव अपने इस पड़ोसी राज्य का हिस्सा बन गया, लेकिन इस कवायद से ग्रामीण बिल्कुल भी खुश नहीं हैं। कंग्कू क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले दुर्पाई गांव के लोग अरुणाचल प्रदेश में ही रहना चाहते हैं और उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे प्रदर्शन करेंगे।

दुर्पाई ग्रामीण विकास समिति (डीवीडीसी) के बैनर तले ग्रामीणों ने तत्काल इसमें सुधार करने और दुर्पाई को पूर्ववत रखने की मांग की है। प्रस्ताव को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कुछ अधिकारियों से इसकी जानकारी मिली है। असम और अरुणाचल प्रदेश सरकार ने 20 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री शाह की मौजूदगी में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे, ताकि सीमा विवाद को सुलझाया जा सके। अंतर-राज्यीय सीमा विवाद के बाद मामले पर गौर करने के लिए क्षेत्रीय समितियों का गठन किया गया था। डीवीडीसी अध्यक्ष केना ने कहा, 'समझौता ज्ञापन के मुताबिक, दुर्पाई को इस तरह से दूसरे गांव के साथ मिलाया गया है कि वह खुद-ब-खुद असम में आ जाएगा।' उन्होंने दावा किया कि ग्रामीणों को अलग-अलग वर्ग से आश्वासन मिला है कि उनका गांव अरुणाचल प्रदेश में बना रहेगा।



## अगले चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सत्ता से विदाई पक्की : लालू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देवघर/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सुप्रीमो लालू प्रसाद ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि एक बार फिर उन्होंने चुनाव से पहले लोगों को ठगना शुरू कर दिया है तथा अब सत्ता से उनकी विदाई पक्की है। उन्होंने सवाल उठाया कि भारत के आम लोगों को जी20 सम्मेलन से क्या लाभ मिलेगा।

झारखंड के देवघर में प्रसिद्ध बाबा वैद्यनाथ धाम मंदिर में पूजा-अर्चना करने के बाद प्रसाद ने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए देश की वर्तमान स्थिति पर चिंता प्रकट की। उन्होंने कहा, '' देश में स्थिति अच्छी नहीं है। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर हैं। लोग भुखमरी के शिकार हो रहे हैं। नरेन्द्र मोदी ने चुनाव करीब आते देख फिर लोगों को ठगना शुरू कर दिया है..लेकिन इस बार सत्ता से उनकी विदाई पक्की है।'' मोदी को निशाना बनाते हुए उन्होंने कहा कि रसोई गैस के दामों में कटौती का मकसद चुनाव से पहले लोगों के साथ छल करना है। राजद प्रमुख ने कहा, '' यह आपके (प्रधानमंत्री के) घर का मामला नहीं है कि आपने उसे (रसोई गैस का दाम) घटा दिया। यह लोगों का पैसा है। राशन या किरोसिन के लिए धनराशि नागरिकों के पैसे से आती है। क्या वह पैसा आपने कमाया है?''

पिछले महीने केंद्र ने घरेलू रसोई गैस के दामों में 200 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की घोषणा की थी।

प्रसाद ने दावा किया कि हाल के विधानसभा चुनावों में भाजपा बुरी तरह हार गई है तथा अन्य विधानसभा चुनावों में भी उसका सफाया हो जाएगा। उन्होंने कहा, '' हम संविधान, गरीबों, बेरोजगारों या बाबासाहब भीमराव आंबेडकर को किसी तरह नुकसान नहीं पहुंचाने देंगे। वह (भाजपा) बाबासाहब भीमराव आंबेडकर का नाम मिटाना चाहती है।''

## जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद अब घरेलू मुद्दों पर ध्यान दे सरकार: खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने महंगाई, बेरोजगारी और कथित भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर सोमवार को सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन के समापन के बाद अब मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह दावा भी किया कि जनता ने इस सरकार की विदाई का रास्ता बनाना शुरू कर दिया है।

भारत की अध्यक्षता में जी20 के नेताओं का दो दिवसीय शिखर सम्मेलन रविवार को यहां संपन्न हुआ। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''अब जब जी20 की बैठक खत्म हो गई है, मोदी सरकार को घरेलू मुद्दों पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''अगस्त में भोजन की एक आम थाली का दाम 24% बढ़ गया। देश में बेरोजगारी दर 8 प्रतिशत है। युवाओं का भविष्य अंधकारमय है।'' खरगे ने आरोप लगाया, '' मोदी सरकार के कुशासन में भ्रष्टाचार की बाढ़ आ गई है। कैग ने कई रिपोर्ट में भाजपा की पोल खोली है, जम्मू-कश्मीर में 13,000 करोड़ रुपये का जल जीवन घोटाला सामने आया है, जिसमें एक दलित आईएएस अधिकारी को इसलिए प्रताड़ित किया गया, क्योंकि उन्होंने भ्रष्टाचार उजागर कर दिया।'' उन्होंने दावा किया, ''प्रधानमंत्री के परम मित्र की लूट हाल ही में फिर सामने आई है। रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर विरल आचार्य ने 2019 चुनाव के पहले आरबीआई के खजाने से मोदी सरकार को 3 लाख करोड़ रुपये हस्तांतरित करने के सरकारी दबाव का विरोध किया था। यह खुलासा अब सामने आया है।'' कांग्रेस अध्यक्ष का कहना था, ''मणिपुर में पिछले कुछ दिनों में फिर हिंसा हुई, हिमाचल प्रदेश में आपदा आई हुई है, पर अहंकारी मोदी सरकार उसे राष्ट्रीय आपदा घोषित करने से बच रही है। इन सब के बीच, मोदी जी सच्चाई पर पर्दा डालने की पुरजोर कोशिश कर रहे हैं। पर जनता मोदी सरकार के ध्यान भटकाने वाले मुद्दों के बजाय सच सुनना और देखना चाहती है।'' खरगे ने कहा, '' मोदी सरकार ध्यान लगाकर सुन ले कि 2024 में आपकी विदाई का रास्ता जनता ने बनाना शुरू कर दिया है।''

## स्वर्ण से शुरू हुआ एशियाई खेलों का सफर उसी पर खत्म करना चाहता हूं : श्रीजेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** पाकिस्तान के खिलाफ 2014 एशियाई खेलों के फाइनल में दो पेनल्टी स्ट्रोक बचाकर भारतीय हॉकी टीम की खिताबी जीत के सूत्रधार रहे अनुभवी गोलकीपर पी आर श्रीजेश हांगझोउ में 23 सितंबर से शुरू हो रहे अपने आखिरी एशियाई खेलों में उसी प्रदर्शन को दोहराना चाहते हैं। तोक्यो ओलंपिक 2020 में 41 साल बाद कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन में अहम योगदान देने वाले श्रीजेश ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा ,'' यह मेरे आखिरी एशियाई खेल है। मैने स्वर्ण के साथ शुरूआत (इंचियोन, 2014) की थी और उसी के साथ विदा लेना चाहता हूं।''

पैंतीस वर्ष के श्रीजेश का लक्ष्य एशियाई खेलों में पीले तमगे के साथ पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का है लेकिन वह नहीं मानते कि टीम पर अतिरिक्त दबाव है। उन्होंने कहा ,''एशियाई खेलों की खूबसूरती यही है कि हॉकी में हम सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते है। मैने हालांकि इसका कभी दबाव महसूस नहीं किया। हमें अपनी क्षमता और ख्याति के अनुरूप खेलना है क्योंकि तोक्यो ओलंपिक के कांस्य के बाद हाल ही में हमने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जीती।'' श्रीजेश ने कहा ,''अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आप ज्यादातर यूरोपीय टीमों से खेलते हैं और अचानक एशियाई टीमों से खेलना थोड़ा कठिन होता है। हम खिताब के दावेदार माने जा रहे हैं तो बाकी टीमें हमारे खिलाफ दो सौ फीसदी प्रयास करती हैं। यही वजह है कि हम अपेक्षा के अनुरूप नतीजे नहीं दे पा रहे। इसलिए नहीं कि हम खराब खेलते हैं बल्कि दूसरी टीमें ज्यादा अच्छा खेल जाती है।''

## सिंधू का आत्मविश्वास डगमगाया हुआ है, एशियाई खेलों से ज्यादा उम्मीद करना सही नहीं: विमल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत के पूर्व कोच विमल कुमार का मानना है कि मौजूदा सत्र में टूर्नामेंटों में लगातार असफलताओं ने पी वी सिंधू के आत्मविश्वास को कमजोर कर दिया है और देश की शीर्ष महिला बैडमिंटन खिलाड़ी से एशियाई खेलों में ज्यादा उम्मीद नहीं की जानी चाहिए। सिंधू ने लय हासिल करने के लिए दिग्गज प्रकाश पादुकोण की देखरेख में एक सप्ताह तक बेंगलुरु स्थिति प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में अभ्यास किया। पिछले अगस्त में राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान टखने की चोट के बाद सिंधू के प्रदर्शन में गिरावट आयी है।

पीपीबीए के निदेशक विमल ने कहा, ''हम उसके अभ्यास सत्र का विश्लेषण कर रहे हैं। प्रकाश ने उससे बात की और उसे प्रेरित करने की कोशिश की। हमने उसके कोच (मुहम्मद हाफिज हाशिम) से भी बातचीत की है।'' उन्होंने कहा, ''इस समय उसका आत्मविश्वास कम है और वह शारीरिक और मानसिक रूप से थोड़ी कमजोर है। उसे कुछ सुधार करना है और हमें एशियाई खेलों में उससे ज्यादा उम्मीद नहीं करनी चाहिए।'' सिंधू 2019 में विश्व चैम्पियन बनी थी। वह इस साल बीडब्ल्यूएफ टूर के सात प्रतियोगिताओं में पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। मौजूदा सत्र में वह कनाडा ओपन के सेमीफाइनल और अमेरिका ओपन तथा ऑस्ट्रेलिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

## सुविचार

**जीतने का असली मज़ा तो तब है, जब सब आपके हारने का इंतज़ार कर रहे हो।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# हनीट्रैप: सतर्क रहना जरूरी

देश में हनीट्रैप के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत चिंता का विषय है। यह कहना ग़लत नहीं होगा कि सोशल मीडिया ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के नापाक हथकंडों के लिए भी काफी आसानी पैदा कर दी है, जिसकी प्रशिक्षित महिला एजेंट सरहद पार बैठकर भारतीय नागरिकों को अपने जाल में फंसा रही हैं। हाल में एक केंद्रीय एजेंसी ने पंजाब पुलिस को भेजे अलर्ट में कहा था कि आईएसआई सोशल मीडिया पर महिलाओं की प्रोफाइल बनाकर भारतीय अधिकारियों को फंसाने के लिए जाल बिछा रही है। यह बहुत गंभीर विषय है, लिहाजा हर नागरिक को इसके बारे में जानकारी होनी ही चाहिए। हाल के वर्षों में आईएसआई द्वारा भारत में हनीट्रैप के कई मामले बहुचर्चित रहे हैं। इनमें आम लोगों से लेकर प्रतिभाशाली वैज्ञानिक तक पाकिस्तानी हसीनाओं के शिकार होते देखे गए। इनके निशाने पर सुरक्षा बलों से जुड़े कर्मी तो हैं ही, उन राज्यों के लोगों पर भी जाल फेंका जा रहा है, जिनकी पाकिस्तान से सीमा लगती है। भारत सरकार को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे में काफी सफलता मिल चुकी है। पाकिस्तान भी समझ चुका है कि यहां आतंकवाद को परवान चढ़ाने के लिए किया गया उसका 'निवेश' डूब चुका है। ऐसे में वह पंजाब में यही दांव आजमाना चाहता है, जो पहले भी आजमा चुका है। यहां हनीट्रैप करना तुलनात्मक रूप से आसान भी है, क्योंकि पंजाब का एक हिस्सा पाकिस्तान में है। दोनों तरफ भाषा, खान-पान, पहनावे आदि में कई समानताएं हैं। आईएसआई की किसी पंजाबी महिला एजेंट को यहां 'संपर्क' साधने में उतनी कठिनाई नहीं होगी, जितनी कि उत्तर-पूर्व या दक्षिण के किसी राज्य के निवासी से 'संपर्क' में हो सकती है। विभिन्न रिपोर्टें बताती हैं कि आईएसआई इन महिला एजेंटों को हिंदू या सिक्ख नाम देकर उनके भाषा संबंधी कौशल में बहुत सुधार करती है, ताकि उन पर जरा-सा भी शक न हो।

यही नहीं, उनका पहनावा बहुत सोच-समझकर तैयार किया जाता है। आमतौर पर हिंदू या सिक्ख महिलाएं जो सौभाग्य चिह्न धारण करती हैं, उनका भी उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। हनीट्रैप के लिए जिस कमरे का इस्तेमाल होता है, वहां हिंदू देवी-देवताओं, गुरुओं के चित्र लगाए जाते हैं। दीपक, धूपबत्ती, फूलमाला आदि से सुसज्जित 'पूजन स्थल' को देखकर कोई भी व्यक्ति भ्रमित हो सकता है। पिछले दिनों कोलकाता से एक व्यक्ति को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। उससे संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए गए थे। रिपोर्टों के मुताबिक, वह भी हनीट्रैप के जरिए पाकिस्तानी महिला एजेंट का शिकार हुआ था। एजेंट ने उससे हिंदू महिला के नाम के साथ सोशल मीडिया पर संपर्क किया था। वह व्यक्ति धीरे-धीरे उसके मोहपाश में आ गया और उसके द्वारा मांगी गईं संवेदनशील सूचनाएं भेजने लगा। आखिरकार कोलकाता पुलिस ने उसे धर दबोचा। सवाल है- क्या आईएसआई पंजाब और पश्चिम बंगाल में अपना नेटवर्क खड़ा करने की कोशिश कर रही है? चूंकि दोनों राज्य अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित हैं। पंजाब के साथ तो पाकिस्तान की सीमा लगती है, वहीं पश्चिम बंगाल के साथ बांग्लादेश की सीमा लगती है। सोलह दिसंबर, 1971 तक आज का बांग्लादेश पूर्वी पाकिस्तान कहलाता था। आज भी वहां आईएसआई के समर्थक मौजूद हैं। कई बांग्लादेशी संगठनों के ऐसे पाकिस्तानी कट्टरपंथी संगठनों से संबंध हैं, जो भारत में आतंकी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। लिहाजा केंद्रीय एजेंसियों और संबंधित राज्य पुलिस को ऐसे तत्त्वों पर कड़ी नजर रखते हुए कठोर कार्रवाई करनी चाहिए, जो धन और रूप के जाल में फंसकर देश के रहस्यों का सौदा कर रहे हैं। पंजाब पुलिस के महानिदेशक ने जिन संदिग्ध सोशल मीडिया प्रोफाइलों की सूची जारी की थी, वे दर्जनभर थीं। वहीं, एक पखवाड़े में जिन लोगों से संपर्क किया गया, उनकी संख्या 325 से भी ज्यादा थी। आसान शब्दों में कहें तो पाकिस्तानी एजेंट (महिला या पुरुष) एक आईडी बनाकर उससे अनेक लोगों को जाल में फंसाने की कोशिश कर सकता है। जब तक 'शिकार' को उसकी असलियत मालूम होती है, बहुत देर हो जाती है। इसलिए सोशल मीडिया पर ऐसे किसी भी 'मोहपाश' से दूर रहें और अनजान लोगों के साथ 'दोस्ती' करने से परहेज ही करें।

## ट्वीटर टॉक



भूदान आंदोलन के प्रणेता, विख्यात समाज सुधारक, स्वतंत्रता सेनानी एवं 'भारत रत्न' आचार्य विनोबा भावे जी की जयंती पर उन्हें कोटिशः नमन। उन्होंने अपने जीवन में गांधीजी के आदर्शों का पालन किया और स्वतंत्रता संग्राम में अपना अविस्मरणीय योगदान दिया।

**-गोविंद सिंह डोटासरा**



संसदीय क्षेत्र बीकानेर के किसमीदेसर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं व बीकानेर परिजनों द्वारा अभूतपूर्व स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में आए हमारे भाई-बंधुओं, व माताओं-बहनों ने एक स्वर में कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है।

**-अर्जुनराम मेघवाल**



नागौर की पूर्व सांसद और वरिष्ठ नेत्री डॉ. ज्योति मिर्धा जी एवं रिटायर्ड अधिकारी श्री सवाई सिंह चौधरी जी को विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा पर विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

**-राजेन्द्र राठौड़**

## प्रेरक प्रसंग

# संयम में समाधान

वाचाल प्रकृति का समद अपनी बदजुबानी के लिए प्रसिद्ध था। किसी ने उसे सलाह दी कि वह एक बार महात्मा बुद्ध से मिल ले। शायद उसे ज्ञान के साथ-साथ उसकी समस्या का समाधान भी मिल जाए। समद बुद्ध की सभा में जा पहुंचा और उन्हें अपनी समस्या सुनाई। बुद्ध उसे मठ के पास नदी किनारे ले गए। वहां कई मछुआरे अपना-अपना जाल पानी में डाले बैठे थे। बुद्ध ने समद को सभी मछुआरों के जाल में झांकने को कहा और पूछा कि क्या किसी जाल में पीली या सुनहरी मछली भी है। समद ने जाल में देखते हुए कहा, 'नहीं प्रभु।' तब बुद्ध मुस्कुराए और बोले, 'जानते हो पुत्र, क्यों। क्योंकि जाल दिखते ही यह मछलियां कुछ खाने के लालच में अपना मुंह खोल देती हैं और जाल में फंस जाती हैं। जबकि सुनहरी मछली ही अकेली ऐसी मछली है जो कभी अपना मुंह नहीं खोलती और इसीलिए इनके जाल में नहीं फ़ंस पाती। इसी तरह कुछ असंयमी लोग भी समय-असमय अपना मुंह खोलकर संकट में आ जाते हैं।'

## सामयिक

# राजस्थान में भी प्रधानमंत्री मोदी के सहारे भाजपा

**अमित बैजनाथ गर्ग**
मोबाइल : 78770 70861

जैसे-जैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनता में पैठ बढ़ती जा रही है, वैसे-वैसे वे भाजपा के लिए जीत की गारंटी बनते जा रहे हैं। हालांकि पश्चिम बंगाल, हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में उनका यह जादू कोई काम नहीं आया। इस साल के अंत में बड़े हिंदी भाषी राज्य राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने हैं। यहां कांग्रेस की गहलोत सरकार को हटाकर सत्ता में आना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। गहलोत सरकार को हटाना इतना आसान नहीं होगा, जितना राजस्थान के भाजपा नेता समझ बैठे हैं। असल में राजस्थान का हर भाजपा नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गहलोत सरकार के खिलाफ एंटी इनकम्बेंसी के सहारे बैठा है। सीधे शब्दों में कहें तो ये सब भाग्य के भरोसे बैठे हैं।

राजस्थान में भाजपा नेताओं का जमीनी स्तर पर कोई खास काम अभी तक देखने को नहीं मिला है। भ्रष्टाचार, अपराध, पेपर लीक, नकल माफिया और आरएएस परीक्षा में परिवारवाद जैसे कई मौके आए, लेकिन भाजपा किसी भी मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेरने में असफल रही। असल में राजस्थान का भाजपा संगठन बहुत कमजोर है। यहां ज्यादातर पदों पर ऐसे लोग बैठा दिए गए हैं, जो उस पद के काम के बारे में जानते ही नहीं। उदाहरण के लिए मीडिया संयोजक, प्रदेश प्रवक्ता और मीडिया पैनलिस्ट में ऐसे लोगों को भर लिया गया है, जिनकी मीडिया के काम के प्रति कोई समझ ही नहीं है। वे मीडिया में न तो पार्टी की बात ठीक ढंग से रख पाते हैं और ना ही किसी मुद्दे पर कांग्रेस सरकार को घेर पाते हैं। इनका कोई भी प्रवक्ता फायरब्रांड नहीं है, जबकि दिल्ली में सुधांशु त्रिवेदी जैसे एक से बढ़कर एक शानदार प्रवक्ता बैठे हुए हैं, जो कांग्रेस को घेरने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। असल में राजस्थान में भाजपा का सांगठनिक ढांचा बहुत कमजोर है। पिछले प्रदेश अध्यक्ष ने अपने पूरे कार्यकाल में सही मायनों में न तो संगठन खड़ा कर पाए और न ही योग्य और काबिल लोगों को टीम का हिस्सा बना पाए। यही कारण है कि उनके दूसरा कार्यकाल मांगने के बाद भी उन्हें दोबारा मौका नहीं दिया गया। अधिकतर राजनीतिक दलों में कोई न कोई पत्रकार पार्टी के प्रवक्ता के पद पर काम करता मिल जाएगा, लेकिन उन्हें राजस्थान भाजपा में कोई भी पत्रकार प्रवक्ता बनाने के लायक नहीं लगा। इन्होंने जो तीन विधायक प्रवक्ता बनाए, वे मीडिया में ईद के चांद की तरह ही दिखे। यही हाल नए प्रदेश अध्यक्ष का है, जो लोकसभा सांसद भी हैं। इनको भी अपनी टीम में प्रवक्ता बनाने के लिए कोई पत्रकार नहीं मिला। जिन्हें प्रवक्ता बनाया गया है, वे पुराने और ज्यादातर कमजोर चेहरे ही हैं। इनका एक प्रवक्ता तो ऐसा भी है, जिसने पिछले विधानसभा चुनाव में हार के डर से पार्टी का टिकट ही लौटा दिया था। बाकी का हाल आप समझ ही सकते हैं।ङ्गअसल में यहां भाजपा का संगठन बहुत कमजोर है। प्रदेश अध्यक्ष सांसद हैं तो उनकी अपनी अलग व्यस्तता होगी ही। प्रदेश प्रभारी दिल्ली से आते हैं तो कितने दिन ही आ पाएंगे भला? संगठन महामंत्री तक पहुंचना या उन तक अपनी बात पहुंचाना इतना आसान नहीं होता। बात पहुंच भी गई तो सुनवाई होने की संभावना नगण्य ही है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि राजस्थान भाजपा के अधिकतर कर्ता-धर्ता संवादहीन हैं। इनके यहां कार्यकर्ताओं की न तो सुनवाई होती है और ना ही भेजे गए पत्रों का कोई जवाब देना जरूरी समझा जाता है। कार्यकर्ता इनके लिए केवल चुनाव के समय दरी-पट्टी बिछाने और पोस्टर चिपकाने के लिए याद आते हैं। बाकी चुनाव जीत जाने के बाद कार्यकर्ताओं से संवाद के उदाहरण बिरले ही हैं। राजस्थान में लोकसभा के 25 सांसद हैं और मैं दावे के साथ कह रहा हूं कि ये सभी प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर जीते हैं। अपने नाम पर तो इनको पार्षद



बनने में भी पसीने आ जाएंगे। सबसे कमाल की बात यह है कि दिसंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं, बहुमत का कोई अता-पता नहीं है, लेकिन भाजपा में एक दर्जन से अधिक मुख्यमंत्री पद के दावेदार तैयार हो गए हैं। इनमें कुछ सांसद हैं तो कुछ विधायक भी हैं। कुछ विधायकों का आलम ये है कि अपनी सीट से इस बार जीतने में इनको पसीने आ रहे हैं तो अभी से सुरक्षित सीट ढूंढने में लग गए हैं। हालांकि मुख्यमंत्री बनने का पेड़ा खाना नहीं भूल रहे हैं।

एक कड़वा सच यह भी है कि इन सांसदों-विधायकों में कोई अपने दम पर बीस हजार की भीड़ भी नहीं जुटा सकता। राजस्थान भाजपा में पूर्व मुख्यमंत्री एकमात्र ऐसा चेहरा हैं, जो आज भी अकेले अपने दम पर भीड़ जुटाने का माद्दा रखती हैं, लेकिन पूर्व कार्यकाल में भ्रष्टाचार के आरोप इतने हैं कि पार्टी से लेकर आम राजस्थानी तक उनसे बचना चाह रहा है। जनता तो तेरी खैर नहीं... तक का नारा भी लगाती है। फिर वे मीडिया फ्रेंडली भी नहीं हैं। गहलोत तो उन पर हजारों करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते थे और सरकार आते ही जांच कराने की बात करते थे। ये बात और है कि आज तक जांच के नाम पर कुछ हुआ नहीं।

कुल मिलाकर अब नेताओं को यह बात समझनी होगी कि हर बार प्रधानमंत्री मोदी के नाम पर सभी की नैया पार नहीं हो सकती। जीतना है तो जनता के काम करने ही होंगे, कार्यकर्ताओं की सुनवाई करनी ही होगी। जो नेता ऐसा नहीं करेगा, वो घर पर बैंगन बेचते हुए मिलेगा। राजस्थान भी इससे अछूता नहीं है। मुख्यमंत्री बनने, सांसद-विधायक बनने का सपना देखना बुरी बात नहीं है। यह सभी का लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन इसके लिए आपको जरूरी योग्यताओं को पूरा करना ही होगा। संगठन मजबूत बनाने के लिए काबिल लोगों को सही काम देना होगा। खराब काम करने वाली सरकार को कटघरे में खड़ा करने की ताकत जुटानी होगी। विरोध-प्रदर्शन में गुटबाजी छोड़कर एकजुटता का प्रदर्शन करना होगा। अगर ऐसा नहीं करेंगे तो सरकार बनाना इतना आसान काम नहीं होगा। एंटी इनकम्बेंसी हर बार काम नहीं करती है और रिवाज भी बनने व बदलने से रह जाते हैं।ङ्गसबसे बड़ी बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी को देश की सरकार चलानी है, न कि राज्यों की। इसलिए भाजपा को चाहिए कि सभी राज्यों में अपने यहां प्रधानमंत्री मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा जैसे फायरब्रांड नेता तैयार करे, ताकि सरकार बनाने के लिए किसी एक पर निर्भर नहीं होना पड़े।

बाकी जनता बहुत समझदार हो चुकी है, उसे बरगलाना आसान काम नहीं है। यही राजस्थान की भाजपा को भी समझना चाहिए। उसे अपने नेताओं के विकल्प भी तलाशने होंगे। केवल टिकट काटने या चेहरा बदलने भर से काम नहीं चल सकता है। नेताओं को अपने क्षेत्रों में पूरी तरह मन लगाकर काम करना होगा। नहीं करेंगे तो फिर हार के लिए किसी को दोष देने का अधिकार उन्हें नहीं है। जनता से जुड़ना सीखिए। जनता ही रंक को राजा और राजा को रंक बनाती है। छल-कपट से पांच साल के लिए जीत तो सकते हैं, लेकिन जनता के दिलों में जगह नहीं बना सकते। इसके लिए तो लोगों को अपना मानकर अपनापन देना होगा और उनके सुख-दुख में भागीदार बनना होगा।

## विशेष

# बुराइयों के परित्याग का महापर्व है पर्युषण

**बाल मुकुन्द ओझा**
मोबाइल : 9414441218

जैन धर्म के श्वेतांबर और दिगंबर समाज के लोग भाद्रपद मास में पर्युषण पर्व मनाते हैं। पर्युषण पर्व की शुरुआत 12 सितंबर 2023 मंगलवार से हो रही है। इस दिन भौम प्रदोष व्रत भी है। जैन संस्कृति में जितने भी पर्व व त्योहार मनाए जाते हैं, लगभग सभी में तप एवं साधना का विशेष महत्व है। जैनों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है पर्युषण पर्व। पर्युषण पर्व का शाब्दिक अर्थ है-आत्मा में अवस्थित होना। पर्युषण का एक अर्थ है-कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी। यह सभी पर्वों का राजा है। इसे आत्मशोधन का पर्व भी कहा गया है, जिसमें तप कर कर्मों की निर्जरा कर अपनी काया को निर्मल बनाया जा सकता है। पर्युषण पर्व को आध्यात्मिक दीवाली की भी संज्ञा दी गई है। जिस तरह दीवाली पर व्यापारी अपने संपूर्ण वर्ष का आय-व्यय का पूरा हिसाब करते हैं, गृहस्थ अपने घरों की साफ- सफाई करते हैं, ठीक उसी तरह पर्युषण पर्व के आने पर जैन धर्म को मानने वाले लोग अपने वर्ष भर के पुण्य पाप का पूरा हिसाब करते हैं। वे अपनी आत्मा पर लगे कर्म रूपी मैल की साफ-सफाई करते हैं। पर्युषण पर्व वर्ष में तीन बार मनाया जाता है लेकिन चौमासे में मनाये जाने वाले पर्युषण महापर्व को अधिक श्रेष्ठ माना जाता हैं। श्वेताम्बर जैन समाज का आठ दिन का पर्युषण 12 सितम्बर से शुरू होगा जो 19 सितम्बर तक चलेगा। इसके बाद दिगम्बर जैन सम्प्रदाय का पर्युषण पर्व 19 सितंबर शुरू होगा और वह 29 सितंबर को समाप्त होगा। पर्युषण महापर्व मात्र जैनों का पर्व नहीं है, यह एक सार्वभौम पर्व है। पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट पर्व है, क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना की जाती है। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है। पर्युषण आत्म जागरण का संदेश देता है और हमारी सोई हुई आत्मा को जगाता है। यह आत्मा द्वारा आत्मा को पहचानने की शक्ति देता है। पर्युषण पर्व जैन धर्मावलंबियों का आध्यात्मिक त्योहार है। पर्व शुरू होने के साथ ही ऐसा लगता है मानो किसी ने दस धर्मों की माला बना दी हो। यह पर्व मैत्री और शांति का पर्व है। यह पर्व अपने आपमें ही क्षमा का पर्व है। इसलिए जिस किसी से भी आपका बैरभाव है, उससे शुद्ध हृदय से क्षमा मांग कर मैत्रीपूर्ण व्यवहार करें। भारतीय संस्कृति का मूल आधार तप, त्याग और संयम हैं। जैन धर्म में दस दिवसीय पर्युषण पर्व एक ऐसा पर्व है जो उत्तम क्षमा से प्रारंभ होता है और क्षमा वाणी पर ही उसका समापन होता है। क्षमा वाणी शब्द का सीधा अर्थ है कि व्यक्ति और उसकी वाणी में क्रोध, बैर, अभिमान, कपट व लोभ न हो। दशलक्षण पर्व, जैन धर्म का प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण पर्व है। दशलक्षण पर्व संयम और आत्मशुद्धि का संदेश देता हैं। दशलक्षण पर्व साल में तीन बार मनाया जाता है लेकिन मुख्य रूप से यह पर्व भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से लेकर चतुर्दशी तक मनाया जाता है। दशलक्षण पर्व में जैन धर्म के जातक अपने मुख्य दस लक्षणों को जागृत करने की कोशिश करते हैं। जैन धर्मानुसार दस लक्षणों का पालन करने से मनुष्य को इस संसार से मुक्ति मिल सकती हैं। संयम और आत्मशुद्धि के इस पवित्र त्यौहार पर श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक व्रत-उपवास रखते हैं। मंदिरों को भव्यतापूर्वक सजाते हैं, तथा भगवान महावीर का अभिषेक कर विशाल शोभा यात्राएं निकाली जाती है। इस दौरान जैन व्रती कठिन नियमों का पालन भी करते हैं जैसे बाहर का खाना पूर्णत वर्जित होता है। दिन में केवल एक समय ही भोजन करना आदिपर्युषण पर्व की समाप्ति पर जैन धर्मावलंबी अपने कषायों पर क्षमा की विजय पताका फहराते हैं और फिर उसी मार्ग पर चलकर अपने अगले भव को सुधारने का प्रयत्न करते हैं।

## चिंतन

# भारत को शक्तिमान बनाएगा इकोनॉमिक कॉरिडोर

**आशीष वशिष्ठ**
मोबाइल : 99 3624 7777

**■ भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा पश्चिम में भारत की जमीनी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा और पाकिस्तान की रोक को बेअसर करेगा। साल 1990 में ही पाकिस्तान ने भारत की जमीनी कनेक्टिविटी के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच देने से मना कर दिया था। इसके अलावा यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की राजनीतिक भागीदारी को गहरा करेगा।**

जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत, मध्य पूर्व और यूरोप के एक मेगा इकोनॉमिक कॉरिडोर की घोषणा की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बता दिया कि कूटनीति और कारोबार की दुनिया में आने वाला समय भारत का है और चीन के लिए आगे की राह अब आसान नहीं होने वाली है। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले समय में भारत, पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक एकीकरण का प्रभावी माध्यम होगा। यह पूरे विश्व में कनेक्टिविटी और विकास को सस्टेनेबल दिशा प्रदान करेगा। मुंबई से शुरू होने वाला यह नया कॉरिडोर चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव यानी बीआरआई का विकल्प होगा। यह कॉरिडोर 6 हजार किमी लंबा होगा। इसमें 3500 किमी समुद्र मार्ग शामिल है। कॉरिडोर के बनने के बाद भारत से यूरोप तक सामान पहुंचाने में करीब 40 प्रतिशत समय की बचत होगी।

इस कॉरिडोर का नाम इंडिया-मिडल ईस्ट-यूरोप इकोनॉमिक कॉरिडोर है। इस प्रोजेक्ट में भारत, यू.ए.ई, सऊदी अरब, यूरोपीय यूनियन, फ्रांस, इटली, जर्मनी और अमेरिका शामिल होंगे। इस गलियारे की स्थापना सबसे अहम इसलिए भी है क्योंकि इसके निर्माण के साथ ही दुनिया के व्यापार का भूगोल बदल जाएगा। प्रस्तावित गलियारा भारत से संयुक्त अरब अमीरात तक अरब सागर में फैला होगा, फिर यूरोप से जुड़ने से पहले सऊदी अरब, जॉर्डन और इजराइल पार करेगा। इस परियोजना के तहत समुद्र के नीचे केबल और ऊर्जा परिवहन बुनियादी ढांचा भी शामिल होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक सांझेदारी बताते हुए कहा कि आने वाले समय में भारत पश्चिम एशिया और यूरोप के बीच आर्थिक सहयोग का एक बड़ा माध्यम होगा। इस कोरिडोर से दुनिया की कनेक्टीविटी को एक नई दिशा मिलेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि गलियारे में शामिल देशों के लिए यह परियोजना अनंत अवसर प्रदान करेगी। इससे व्यापार करना तथा स्वच्छ ऊर्जा निर्यात करना आसान बन जाएगा। यह किसी ऐतिहासिक क्षण से कम नहीं है।

भारत-मिडल ईस्ट-यूरोप शिपिंग और रेलवे कनैक्टीविटी कोरिडोर की योजना को एक बड़ी बात करार देते हुए अमरीकी राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि अगले दशक में भागीदार देश निम्न-मध्यम आय वाले देशों में बुनियादी ढांचे की कमी को दूर करेंगे। इस योजना में शामिल सभी 9 देशों के प्रमुखों तथा प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद कहते हुए बाइडेन ने कहा कि एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य यही इस जी-20 शिखर सम्मेलन का फोकस है। क्षेत्र में चीन के आर्थिक दबदबे को चुनौती देते हुए अमरीका और यूरोपीय संघ ने भारत को मध्य पूर्व और भू-मध्य सागर से जोडने वाले एक नए जहाज और रेल गलियारे के विकास का समर्थन किया है। निश्चित तौर पर इस प्रोजेक्ट को महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक ग्रीन और डिजिटल पुल माना जा रहा है।

ऐसे में अहम प्रश्न यह है कि इस गलियारे से भारत को क्या लाभ होगा। जानकारों के अनुसार भारत को पहला लाभ यह होगा कि मिडल ईस्ट और यूरोप के बाजारों में भारत की पहुंच और पकड़ मजबूत हो सकती है। दूसरा लाभ होगा कि शिप और रेल कनेक्टिविटी होने से कम से कम लागत में तेल और गैस की सप्लाई होगी। तीसरा लाभ यह होगा कि मिडल ईस्ट और यूरोप में चीन पर भारत को कूटनीतिक और कारोबारी बढ़त मिलेगी। अब सवाल ये है कि अमेरिका इस प्रोजेक्ट में बढ़-चढ़कर क्यों हिस्सा ले रहा है। इसकी वजह चीन का बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्ट है, जिसके जरिए ड्रैगन मिडल ईस्ट से यूरोप के बाजारों पर कब्जा जमाना चाहता है। अमेरिका की कोशिश चीन के प्रभाव को रोकने की है. इसलिए उसने भारत की मदद ली और सऊदी अरब-यूएई को नए कॉरिडोर के लिए तैयार किया। इसकी घोषणा से पहले अमेरिकी अधिकारी फाइनर ने कहा था कि अमेरिका की नजर से ये समझौता पूरे क्षेत्र में तनाव कम करेगा और हमें ऐसा लगता है कि इससे टकराव से निपटने में मदद मिलेगी। इस कॉरिडोर की अगुवाई भारत और अमेरिका साथ मिलकर करेंगे। इस समझौते के तहत कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े पैमाने पर काम होगा। यह ट्रेड रूट भारत को यूरोप से जोड़ते हुए पश्चिम एशिया से होकर गुजरेगा। भारत और अमेरिका के अलावा पश्चिम एशिया से संयुक्त अरब अमीरात व सऊदी अरब और यूरोप से यूरोपीय संघ, फ्रांस, इटली व जर्मनी भी इसका हिस्सा होंगे।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन ने परियोजना के शुभारंभ पर कहा, 'यह महाद्वीपों और सभ्यताओं के बीच एक हरित और डिजिटल सेतु है।' रेल से भारत और यूरोप के बीच व्यापार 40 प्रतिशत तेज हो जाएगा। भारत मिडल ईस्ट-यूरोप आर्थिक गलियारे का उद्देश्य मध्य पूर्व के देशों को रेलवे से जोडना और उन्हें बंदरगाह के माध्यम से भारत से जोडना है जिससे शिपिंग समय, लागत और ईंधन के इस्तेमाल में कटौती करके खाड़ी से यूरोप तक ऊर्जा और ट्रेड में मदद मिलेगी। इस प्रोजैक्ट में 2 अलग-अलग कोरिडोर शामिल होंगे। जहां एक ओर पूर्वी कोरिडोर भारत को खाड़ी देशों से जोड़ेगा वहीं उत्तरी कोरिडोर खाड़ी क्षेत्र को यूरोप से जोड़ेगा। चीन के बैल्ट एंड रोड इनिशेएटिव यानी बीआरआई प्रोजैक्ट की तर्ज पर ही इसे एक महत्वाकांक्षी योजना माना जा रहा है। महत्वाकांक्षी आर्थिक गलियारे की घोषणा को इस्राइल के लिए बड़ी खबर' बताते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि हमारे इतिहास की सबसे बड़ी सहयोग परियोजना पश्चिम एशिया का चेहरा बदल देगी। यह इजराइल और पूरी दुनिया को लाभान्वित करेगा।

भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा पश्चिम में भारत की जमीनी कनेक्टिविटी को आसान बनाएगा और पाकिस्तान की रोक को बेअसर करेगा। साल 1990 में ही पाकिस्तान ने भारत की जमीनी कनेक्टिविटी के जरिए अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक पहुंच देने से मना कर दिया था। इसके अलावा यह गलियारा अरब प्रायद्वीप के साथ भारत की राजनीतिक भागीदारी को गहरा करेगा। पिछले कुछ सालों में मोदी सरकार ने संयुक्त अरब अमिरात और साउदी अरब के साथ तेजी से राजनीतिक और रणनीतिक संबंध बनाए हैं।

अमेरिकी अखबार के अनुसार इस परियोजना से अंतर-क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा मिलेगा। जिससे अरब प्रायद्वीप में राजनीतिक गहमागहमी में भी कमी आएगी और क्षेत्र में शांति और स्थिरता भी आएगी।ङ्गअगर भारत-मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारा बनता है तो दक्षिण पूर्व एशिया से खाड़ी, पश्चिम एशिया और यूरोप तक व्यापार प्रवाह के मार्ग पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। ये गलियारा आपूर्ति श्रृंखलाओं को भी सुरक्षित करेगा। रोजगार पैदा करेगा और व्यापार सुविधा और पहुंच में सुधार करेगा। इस गलियारे को कई लोग चीन की विवादास्पद बेल्ट एंड रोड पहल के विकल्प के रूप में देखते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि यह कॉरिडोर भारत की शक्ति और सामर्थ्य बढ़ाने में सहायक होने के साथ ही पड़ोसी चीन की चमक भी फीकी कर सकता है।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बाइडन ने वियतनाम यात्रा में कारोबारी सौदों को रेखांकित किया

**हनोई (वियतनाम)/एपी**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने वियतनाम की अपनी पहली यात्रा के अंतिम दिन सोमवार को दोनों देशों के बीच नए कारोबारी संबंधों एवं साझेदारियों को रेखांकित किया और अपने दिवंगत मित्र एवं सहकर्मी सीनेटर जॉन मैकेन के स्मारक पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

बाइडन ने वियतनाम के प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह से मुलाकात की, जो अमेरिका के राष्ट्रपति के साथ अमेरिकी एवं वियतनाम के उद्योगपतियों की बैठक में भी मौजूद रहे। बाइडन ने वियतनाम के राष्ट्रपति वो वान थुओंग से भी मुलाकात की। थुओंग ने बाइडन के लिए दोपहर के औपचारिक भोज की मेजबानी की।

बाइडन ने वियतनाम के सेमीकंडक्टर उद्योग को मजबूत करने और खुले प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपने प्रशासन की प्रतिबद्धता पर बात की। उन्होंने विभिन्न कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) से कहा, ''मेरा आज का संदेश बहुत सरल है। ऐसे ही काम करते रहिए। हमें अपने सहयोग को विकसित करने और आगे बढ़ाने की जरूरत है। हमें नई साझेदारियां बनाने की जरूरत है।''

वियतनाम के प्रधानमंत्री ने भी सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा कि अमेरिका-वियतनाम संबंधों के विस्तार की संभावनाएं असीमित हैं।

वियतनाम की अपनी पहली यात्रा में बाइडन ने कई बड़े समझौतों की घोषणा की, जिनमें अमेरिका की बोइंग का वियतनाम एयरलाइंस के साथ करीब 50 विमान की खरीद के लिए 7.5 अरब अमेरिकी डॉलर का समझौता और एरिजोना से संचालित एमकोर टेक्नोलॉजी की बक निन्ह प्रांत में 1.6 अरब अमेरिकी डॉलर की फैक्टरी लगाने की योजना अहम है।

अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय ने कहा कि प्रशासन मछली पकड़ने संबंधी अवैध एवं अनियमित गतिविधियों समेत ''क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय अपराध से निपटने के लिए वियतनामी क्षमता का निर्माण'' करने में मदद करेगा।

चीन का वियतनाम के अलावा फिलीपीन, मलेशिया और ब्रुनेई के साथ क्षेत्रीय विवाद है, क्योंकि चीन अन्य देशों के विशेष आर्थिक जोन में जलक्षेत्र पर अपना दावा करता है।

बाइडन रविवार को वियतनाम पहुंचे थे, जहां उन्होंने वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव गुयेन फू ट्रोंग से मुलाकात की थी।

ट्रोंग ने औपचारिक घोषणा की कि वियतनाम ने अमेरिका को अपने देश का सर्वोच्च राजनयिक दर्जा दिया है और उसे समग्र रणनीतिक भागीदार बनाया है।

बाइडन ने कहा कि यह बदलाव दर्शाता है कि वियतनाम युद्ध के ''कड़वे अतीत'' के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में कितना सुधार हुआ है।

बाइडन ने इस बात भी जोर दिया कि उनकी करीब 24 घंटे की इस यात्रा का मकसद चीन के साथ ''शीत युद्ध'' छेड़ने की कोशिश करना नहीं है, बल्कि यह यात्रा बीजिंग के साथ तनाव के बीच वियतनाम सहित पूरे एशिया में संबंध स्थापित कर वैश्विक स्थिरता में सुधार के व्यापक प्रयास का हिस्सा है।

## सनातन धर्म का 'अपमान' करने के प्रयास हो रहे, लेकिन राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे चुप हैंः अनुराग ठाकुर

**नागपुर (महाराष्ट्र)/भाषा**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने सोमवार को कहा कि सनातन धर्म का ''अपमान'' करने के प्रयास किए जा रहे हैं और उन्होंने इस पर ''चुप्पी साधने'' के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी तथा शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे पर निशाना साधा।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता की यह टिप्पणी द्रमुक(द्रविड़ मुनेत्र कषगम) नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा दिए बयान को लेकर मचे बवाल के बीच आई है। उदयनिधि स्टालिन ने कहा था कि सनातन धर्म लोगों में विभाजन और भेदभाव को बढ़ावा देता है और इसका उन्मूलन किया जाना चाहिए। द्रमुक नेता ए राजा ने सनातन धर्म की तुलना 'कुष्ठ रोग' और 'एचआईवी' जैसी बीमारियों से की थी। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा था कि उन्होंने भगवद्गीता पढ़ी है और कई उपनिषद पढ़े हैं तथा भाजपा जो करती है उसमें हिंदू (धर्म) जैसा कुछ भी नहीं है, बिल्कुल भी नहीं।

इस पर ठाकुर ने कहा, ''विपक्ष को सनातन धर्म के अपमान पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए।'' उन्होंने दावा किया, ''विपक्ष केवल सनातन धर्म का अपमान करने में लगा हुआ है। यह उनकी मानसिकता दिखाता है और सनातन धर्म का अपमान करने की एक के बाद एक कोशिश जारी है।'' इंडिया बनाम भारत बहस को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर ठाकुर ने कहा कि कुछ लोगों की ''डर तथा भ्रम फैलाने और झूठ बोलने'' की आदत होती है और इन लोगों ने अपनी पूरी जिंदगी यही किया है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के बाद ''गोधरा जैसी'' घटना हो सकती है।

इस पर ठाकुर ने दावा किया कि कुछ लोग सत्ता के लालच में अपनी विचारधारा भूल गए हैं। ठाकुर ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि बालासाहेब आज क्या सोचते और उद्धव जी सत्ता के लालच के लिए आज क्या कर रहे हैं। जब सनातन धर्म के बारे में कई सारी बातें कही जा रही है तो राहुल जी और उद्धव जी ने एक शब्द नहीं कहा।''

**निरीक्षण**



जम्मू में सोमवार को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान आईआईटी जम्मू परिसर में उत्तरी कमान एसआईडीएम और आईआईटी जम्मू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय नॉर्थ टेक संगोष्ठी में उपकरण स्टालों का निरीक्षण करते हुए।

**आखिरी सोमवार**



सूरत में सोमवार को सावन के आखिरी सोमवार को सूरत में सिद्धकुटिर महादेव मंदिर में भगवान शिव को चढ़ाने के लिए भक्त तापी नदी से पवित्र जल ले जाते हुए।

## सबसे ज्यादा आईफोन प्रेमी दिल्ली में

नई दिल्ली/भाषा। आईफोन पसंद करने वालों के मामले में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ने मुंबई को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है। एक नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि दिल्ली में इस साल अब तक मुंबई की अपेक्षा 182 प्रतिशत ज्यादा आईफोन खरीदे गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक दुकानों की श्रृंखला क्रोमा के अध्ययन 'आईफोन अनबॉक्स्ड' में पाया गया कि दिल्ली में 2020 से 2021 तक आईफोन की बिक्री में 47 प्रतिशत तो 2021 से 2022 में इसमें 106 प्रतिशत वृद्धि हुई। रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे स्थान पर मुंबई में भी आईफोन बिक्री अच्छी रही। यहां 2022 में लगभग 10 गुना वृद्धि हुई। इस सूची में 2021 से 2022 तक वृद्धि के मामले में इन शहरों के बाद पुणे (198 प्रतिशत), बेंगलुरु (221 प्रतिशत) और हैदराबाद (132 प्रतिशत) का स्थान रहा।

# वकील पर आवारा कुत्तों के हमले के बाद न्यायालय में उठा मुद्दा

**नई दिल्ली/भाषा**

उच्चतम न्यायालय में एक वकील ने जब भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ को बताया कि उसके पड़ोस में कुत्तों के एक झुंड ने उस पर हमला कर दिया तो सीजेआई ने कहा कि वह इस मामले (आवारा कुत्तों के खतरे) को देखेंगे।

कानून की बारीकियों पर गहरी नजर रखने के लिए जाने जाने वाले सीजेआई चंद्रचूड़ की नजर जब वकील कुणाल चटर्जी की बांह पर बंधी पट्टी पर पड़ी तो उन्होंने इसका कारण पूछा।

चटर्जी ने बताया कि उनके पड़ोस में पांच आवारा कुत्तों के एक झुंड ने उन्हें दौड़ा'' दिया और उनके हमले में वह घायल हो गए।

इस पर वरिष्ठ वकील विजय हंसारिया ने न्यायालय से देश में आवारा कुत्तों की समस्या पर स्वत: संज्ञान लेने का आग्रह किया।

सीजेआई ने चटर्जी की ओर ध्यान दिलाते हुए हंसारिया से कहा, हम देखेंगे कि क्या किया जा सकता है।

सीजेआई ने उन्हें मदद की पेशकश करते हुए पूछा, क्या आपको किसी चिकित्सा सहायता की आवश्यकता है? मैं रजिस्ट्री से आपको अभी ले जाने के लिए कह सकता हूं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने उत्तर प्रदेश के एक व्यापक रूप से प्रसारित वीडियो का जिक्र किया और उस व्यक्ति की दुर्दशा के बारे में बात की, जिसके बेटे को एक पागल कुत्ते ने काट लिया था और उसकी गोद में ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी।

विधि अधिकारी ने कहा, यह एक गंभीर खतरा है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया। उत्तर प्रदेश में एक बच्चे को कुत्तों ने काट लिया। आमतौर पर लोग ज्यादा ध्यान नहीं देते। एक बार जब रेबीज हो गया, तो उसे अस्पताल ले जाया गया।

सीजेआई ने कहा, दो साल पहले, मेरा एक अधीनस्थ कर्मचारी अपनी कार खड़ी कर रहा था और उस पर भी सड़क पर घूमने वाले कुत्तों ने हमला कर दिया था।

## अगले साल रिलीज होगी 'पुष्पा 2 : द रूल'

**हैदराबाद/भाषा**

अल्लू अर्जुन अभिनीत फिल्म 'पुष्पा 2 : द रूल' अगले साल 15 अगस्त को दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को यह घोषणा की। सुकुमार द्वारा निर्देशित 'पुष्पा 2 : द रूल' इसके पहले भाग 'पुष्पा 1 : द राइज' के आगे की कहानी है। पहली फिल्म में अर्जुन के निभाए किरदार पुष्पा और मल्यालम फिल्म जगत के अभिनेता फहाद फासिल अभिनीत पुलिस अधिकारी भंवर सिंह शेखावत के बीच दुश्मनी को दर्शाया गया है।

फिल्म के निर्माता मैत्री मूवी मेकर्स ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की। पोस्ट में लिखा, 'तारीख याद कर लीजिए...15 अगस्त 2024...'पुष्पा 2 : द रूल' दुनियाभर में होगी रिलीज...पुष्पा राज बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने वापस आ रहा है।'

अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा 1 : द राइज' के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार की घोषणा होने के कुछ सप्ताह बाद फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा की गई।

# 'सायरन' का प्रीफेस जारी

**मुंबई/एजेन्सी**



दक्षिण भारतीय फिल्में इन दिनों दर्शकों में सबसे ज्यादा माँग में हैं। हर नई फिल्म अपने कथानक के जरिये पूरे देश के दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। पोन्नियन सेलवन 1-2 के बाद इस फिल्म के नायक जयम रवि अपनी अगली फिल्म सायरन के जरिये बॉक्स ऑफिस पर धमाका करने वाले हैं। हाल ही में जारी हुए इस फिल्म के प्रोमो ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है। इसको देखकर ही समझा जा सकता है कि फिल्म एक जानदार थ्रिलर रहने वाली है। हालांकि ना तो टीजर कहा गया है और ना ही ट्रेलर। इसे प्रीफेस का नाम दिया गया है। यह फिल्म है सायरन है और इसका सायरन प्रीफेस को एक्टर जयम रवि के 43वें जन्मदिन के मौके पर रिलीज किया गया है। इस प्रीफेस को देखकर ही समझा जा सकता है कि यह एक थ्रिलर है और जयम रवि को इसमें अनदेखे अंदाज में देखा जा सकेगा। जयम रवि की नई फिल्म है सायरन। सायरन के प्रीफेस में जयम रवि को जेल में और उसके बाहर देखा जा सकता है। फिल्म में उनके साथ कीर्ति सुरेश, अनुपरमा परमेश्वरन, योगी बाबू और समुत्रिकनी नजर आएंगे। सायरन को एंटनी भाग्यराज ने निर्देशित किया है और ये उनकी डेब्यू फिल्म है। बताया जा रहा है कि फिल्म में कीर्ति सुरेश पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ सकती हैं, जबकि प्रीफेस देखकर समझा जा सकता है कि जयम रवि एक कैदी हैं।



# फिल्म 'फुकरे-3' का पहला गाना 'फुकरे वे' रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट, पंकज त्रिपाठी और ऋचा चड्ढा स्टार फुकरे 3 का पहला गाना फुकरे वे रिलीज हो गया है। फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी के प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले बनी फिल्म 'फुकरे-3' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है। अब फिल्म फुकरे 3 का पहला गाना फुकरे वे रिलीज हो गया है।फुकरे वे एक फुट- टैपिंग सॉन्ग है। फुकरे 3 के इस ट्रैक को तनिष्क बागची ने कंपोज किया है। वहीं, देव नेगी और असीस कौर ने फुकरे वे को अपनी आवाज दी है। गाने के लिरिक्स शब्बीर अहमद ने तैयार किए है, जबकि कोरियोग्राफी बॉस्को मार्टिस ने की है।

मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में बनी फुकरे वर्ष 2013 में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में पुलकित सम्राट, अली फजल, ऋचा चड्ढा, प्रिया आनंद, मंजोत सिंह, वरुण शर्मा, पंकज त्रिपाठी जैसे कई सितारे लीड रोल में थे। फुकरे के 04 साल बाद 2017 में फुकरे रिटर्न रिलीज हुई थी। अब पूरे 05 साल बाद फिल्म का तीसरा पार्ट रिलीज हो रहा है। हालांकि इस पार्ट में अली फजल नजर नहीं आएंगे।'फुकरे-3' 28 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# शाहरुख खान की 'जवान' ने पहले सप्ताहांत में कमाए 520.79 करोड़ रुपए

**मुंबई/भाषा**

अभिनेता शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' ने अपनी रिलीज के पहले सप्ताहांत में दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 520.79 करोड़ रुपये कमाए हैं। फिल्म निर्माताओं ने सोमवार को यह जानकारी दी। तमिल फिल्मकार एटली द्वारा निर्देशित फिल्म गत बृहस्पतिवार को हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की गई थी। फिल्म में खान के अलावा, नयनतारा और विजय सेतुपति भी हैं और दीपिका पादुकोण की संक्षिप्त भूमिका है। 'जवान' के निर्माण में शामिल प्रोडक्शन हाउस 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' ने फिल्म की बॉक्स ऑफिस पर कमाई की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की। पोस्ट में लिखा गया है, 'बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचते हुए दुनियाभर में कमाए 520.79 करोड़ रुपये। यह सप्ताहांत में अबतक की सबसे ज्यादा कमाई है।'

निर्माताओं के अनुसार, एक्शन थ्रिलर फिल्म 'जवान' ने पहले दिन 129.6 करोड़ रुपये कमाए थे जो हिंदी सिनेमा की दुनियाभर में पहले दिन इतनी कमाई करने वाली पहली फिल्म है। फिल्म ने दूसरे दिन 110.87 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 144.22 करोड़ रुपये और चौथे दिन 136.1 करोड़ रुपये कमाए। 'जवान' एक पिता-पुत्र की कहानी पर आधारित फिल्म है जिसका मुख्य किरदार (खान) विभिन्न समाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर प्रकाश डालता है। फिल्म में सान्या मल्होत्रा, प्रियामणि, गिरिजा ओक, संजीता भट्टाचार्य, लहर खान, आलिया कुरैशी, रिद्धि डोगरा, सुनील ग्रोवर और मुकेश छाबड़ा के साथ-साथ संजय दत्त की भी अतिथि भूमिका है।

फिल्म कारोबार विशेषज्ञ तरण आदर्श ने कहा कि इस हिंदी फिल्म ने सबसे तेजी से भारत में 250 करोड़ रुपये की कमाई के आंकड़े को छुआ है। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, ' 'जवान' ने सबसे तेजी से 250 करोड़ रुपये के आंकड़े को छूकर 'पठान', 'गदर 2', 'केजीएफ 2 (हिंदी)' और 'बाहुबली 2 (हिंदी)' को पीछे छोड़ दिया है। ' 'रेड चिलीज एंटरटेनमेंट' की पेशकश 'जवान' की निर्माता गौरी खान और सह-निर्माता गौरव वर्मा हैं।

# पंकज त्रिपाठी ने पिता की याद में पुस्तकालय का किया उद्घाटन

**मुंबई/भाषा**



बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित अपने गांव बेलसांड में अपने दिवंगत पिता पंडित बनारस तिवारी की याद में एक पुस्तकालय का उद्घाटन किया है। तिवारी का 21 अगस्त को 99 साल की उम्र में निधन हो गया था। हाल में 'मिमी' फिल्म को लेकर 'सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार' पा चुके त्रिपाठी ने कहा कि अपने गांव की भावी पीढ़ियों की बेहतरी के लिए योगदान कर वह सम्मानित महसूस कर रहे हैं। अभिनेता ने एक बयान में कहा, '' अपने पिता पंडित बनारस तिवारी की स्मृति में यह पुस्तकालय समर्पित कर मैं गोपालगंज के बेलसांड के विद्यार्थियों के हृदय में ज्ञान एवं साहित्य के प्रति लगाव पैदा होने की आशा करता हूं। शिक्षा सबसे बड़ा उपहार है जिसे हम भावी पीढ़ियों को दे सकते हैं और शिक्षार्जन की उनकी यात्रा में योगदान करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। '' त्रिपाठी और उनके बड़े भाई ने अपने माता-पिता की याद में पंडित बनारस तिवारी फाउंडेशन ट्रस्ट की स्थापना की है। 'न्यूटन', 'स्त्री' जैसी फिल्मों तथा 'मिर्जापुर' वेबसीरीज के लिए चर्चित त्रिपाठी ने बिजली के उपकरण तथा सौर ऊर्जा पैनल भी विद्यालय को उपलब्ध कराए हैं।

# रोहित शेट्टी के साथ फिल्में करना चाहते हैं अब्दु रोजिक

**मुंबई/एजेन्सी**

स्टंट-आधारित रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' सीजन 13 में अतिथि के रूप में आए ताजिकिस्तानी गायक अब्दु रोजिक ने शो के मेजबान और फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी को शो का 'रॉकस्टार' कहा। 'खतरों के खिलाड़ी' में एक नायक के रूप में प्रवेश करने के बाद अब्दु ने शो में कई स्टंट किए। अब्दु ने फिल्म निर्माता रोहित शेट्टी को बहुत अच्छे दिल वाला इंसान बताया। अब्दु ने साझा किया, उन्होंने सभी प्रतियोगियों की मदद की। यह बहुत अच्छा और बेहतरीन शो है। मुझे अच्छा लगा कि वह 'खतरों के खिलाड़ी' कर रहे हैं, यह शो कोई नहीं कर सकता। वह एक रॉकस्टार हैं। वह खतरों का राजा है।'' 'केकेके' में शिव ठाकरे से मिलने पर अब्दु ने कहा, मेरा सबसे अच्छा दोस्त शिव शो में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वह बहुत अच्छे स्टंट कर रहे हैं और मुझे बहुत मजा आया, हमने एक-दूसरे के साथ अलग-अलग शरारतें कीं।

'केकेके' की एक अन्य प्रतियोगी अर्चना गौतम भी अब्दु के साथ 'बिग बॉस 16' का हिस्सा थीं। उनके बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, ''उनसे मिलकर अच्छा लगा। शो में कोई एक-दूसरे से नहीं लड़ता, सब दोस्त हैं, एक-दूसरे की मदद कर रहे हैं। वह बहुत अच्छा कर रही है। अपने डर और 'केकेके' पर किए गए स्टंट के बारे में साझा करते हुए अब्दु ने कहा, मैं सांपों से थोड़ा डरता हूं, ज्यादा नहीं। उन्होंने मुझे सौ सांपों वाले एक डिब्बे में डाल दिया। थोड़ा-थोड़ा मुझे डर लग रहा था, ज्यादा नहीं। मैंने हेलीकॉप्टर स्टंट किया, मैंने खुद को हेलीकॉप्टर से नीचे फेंक दिया, मैं डर भी गया और मैंने इसका आनंद लिया। रोहित के साथ फिल्में करने पर 19 वर्षीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने कहा, हां, मैं उनके साथ फिल्में करना पसंद करूंगा। क्यों नहीं? उन्होंने आगे बताया कि उन्हें कुछ ऑफर किया गया है या नहीं, यह आश्चर्य की बात है। उन्होंने कहा, अभी सब कुछ आश्चर्यजनक है, हम अभी इसके बारे में बात नहीं कर सकते। 'खतरों के खिलाड़ी 13' कलर्स पर प्रसारित होता है।



www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

अ. भा. श्री खांडल विप्र महासभा, पुष्कर-जयपुर, शाखा सभा, बेंगलूरु के महिला मंडल सखी की पहली बैठक गोड़वाड़ भवन के मुछाला हॉल में रविवार 10 सितम्बर को सम्पन्न हुई।



# 'शब्द' की गोष्ठी में भाषा समस्या पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण भारत की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था 'शब्द' की बीते रविवार जैन विश्वविद्यालय के जे सी रोड के सेमिनार हॉल में मासिक रचनागोष्ठी का आयोजन हुआ। डॉ मैथिली पी राव की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए प्रो प्रभाशंकर प्रेमी ने कहा कि भारत में भाषा कोई समस्या नहीं है। समस्या है कि देश का प्रशासनिक कामकाज किस भाषा में चले। सवाल राजभाषा का है, न कि राष्ट्रभाषा का। वैज्ञानिक विषयों के शब्दों का सवाल है। अंग्रेजी राज में अंग्रेजी जितनी नहीं थी, उतनी अंग्रेजी का चलन आज है।

अंग्रेजी का मतलब है अंग्रेजियत। अंग्रेजी को सम्मान या कहें कि गर्व की भाषा बना दिया गया है। इसे समझना होगा। भाषा विरोध का विषय नहीं है। सवाल है कि भारतीय संस्कृति का विकास और संरक्षण कैसे हो ?

रचनागोष्ठी में अध्यक्षीय वक्तव्य में प्रो मैथिली राव ने कहा कि आप सभी ने 'शब्द' की प्रतिष्ठा के अनुरूप सुंदर और स्तरीय कविताएँ सुनाई हैं। इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। असल में कविता जीवन की प्रक्रिया है। हमें समझना होगा कि यूक्रेन युद्ध केवल यूक्रेन का युद्ध नहीं है। यह यूक्रेन में लड़ा जा रहा दुनिया का युद्ध है।

रचना गोष्ठी का प्रभावी संचालन ऋता शेखर मधु ने किया। गीता चौबे गूँज की सरस्वती वंदना से शुरू हुई गोष्ठी में 'शब्द' के सदस्यों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं की खूब वाहवाही लूटी । काव्य पाठ करने वालों में मुख्य थे राजेंद्र गुलेच्छा, श्रीकांत शर्मा, श्रीनारायण समीर, डॉ रचना उनियाल, स्वीटी सिंघल, डॉ उषारानी राव, हंसराज मुणौत, नलिनी पोपट, आनंद दाधीच और प्रकाश गौड़।



# तेयुप बेंगलूरु द्वारा पैलेस गुट्टहल्ली में डायग्नोस्टिक सेंटर का हुआ शुभारंभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुनिश्री हिमांशुकुमारजी के आशीर्वाद से अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के तत्वावधान में तेरापंथ युवक परिषद बेंगलूरु द्वारा रविवार को तेयुप बेंगलूरु के तीसरे एवं भारत के 74वें आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ पैलेस गुट्टहल्ली में जैन संस्कार विधि से किया गया।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश डागा, राष्ट्रीय महामंत्री पवन मांडोत, पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया एवं तेयुप अध्यक्ष रजत बैद ने नए डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन किया। अध्यक्ष रजत बैद ने सभी का स्वागत किया।

राष्ट्रीय महामंत्री पवन मांडोत ने तेयुप बेंगलूरु के श्रम की सराहना की। पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया ने डायग्नोस्टिक सेंटर के इतिहास एवं अब तक की यात्रा बताते हुए युवा शक्ति को नित नए आयाम करने हेतु प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश डागा ने सभी अनुदान दाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस डायग्नोस्टिक सेंटर में सहयोग देने वाले दानदाता परिवारों का सम्मान किया गया । कार्यक्रम में अतिथियों के अलावा तेरापंथ सभा के अध्यक्ष कमलसिंह दुगड़, तेरापंथ महिला मंडल अध्यक्षा रिजुबाला डूंगरवाल, तेरापंथ ट्रस्ट अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, यशवंतपुर सभा अध्यक्ष गौतम मुथा, अणुव्रत समिति अध्यक्ष देवराज रायसोनी आदि उपस्थित थे।

विकास बाबेल, ऋषभ सेठिया, विनोद कोठारी, जीवन कोठारी, मुदित कोठारी ने सहयोग दिया। विनोद कोठारी ने धन्यवाद दिया।



# काँठा प्रांत बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन-1 के लिए खिलाड़ियों का हुआ ऑक्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। काँठा प्रान्त विजयनगर मंडल और ब्लीड ब्लू क्लब के तत्वावधान में 1 अक्टूबर को रश एरीना में आयोजित होने वाली कांठा प्रांत बॉक्स क्रिकेट लीग सीजन-1 प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन एक होटल में किया गया। इस आयोजन में 12 पुरुष एवं पहली बार 6 महिला टीमों के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया। ऑक्शन हितेश छाजेड़ ने करवाया।

स्पोटर्स कमिटी के चेयरमैन मोहनकटारिया ने सभी का स्वागत किया। मुख्य अतिथि के रूप में श्रीपाल खिंवेसरा, महेन्द्र मुणोत एवम सिद्धार्थ बोहरा उपस्थित थे। साथ ही भंवरलालजी बोहरा, उत्तम भलगट, हंसराज मुणोत, देवराज कोठरी, प्रकाश गुगलिया की उपस्थिति है।

इस प्रतियोगिता के ट्रॉफी के प्रायोजक धर्मीचंद डंक, जर्सी के प्रायोजक चेतन खिंवेसरा, भोजन के प्रायोजक सुरेश भंडारी, पवेलियन प्रायोजक अभिषेक डूंगरवाल, रिफ्रेशमेंट के प्रायोजक श्रवणकुमार पीरोदिया का योगदान सराहनीय रहा। सारण स्ट्राइकर्स टीम के जयंतीलाल गुग़लिया, राणावास रॉयल्स टीम के अभिषेक डूंगरवाल, मारवाड़ मारवेल्स टीम के अशोक चतुर, वासनी सिल्वर किंग्स टीम के सोहन गुग़लिया, एमजे टपरावत टीम के प्रकाश टपरावत, बूसी मोटियार टीम के जीवराज गांधी, सिरियारी बिठोडा स्ट्राइकर्स टीम के अशोक कटारिया एवं श्रवण पीरोदिया, लामबिया किंग्स टीम के मोहनलाल सिंघवी,वोपारी वारियर्स टीम के चेतन खिंवेसरा, नीमली स्टनर्स टीम के शांतिलाल पितलिया, इयाली आइकॉन्स टीम के प्रकाश चानोदिया एवं पाली रॉयल कोठारिस टीम की झुपीबाई कोठारी, महिला टीम सोजत सखियाँ टीम की सारिका गुंदेचा, माँड़ा मर्मेड्स टीम के सुमन गांधी, निमली दीवास टीम के मुन्नीबाई पितलिया, माँड़ा क्वींस टीम के सिमरन दीक्षिता कटारिया, लामबिया क्वींस टीम के अनीता सिंघवी एवं बूसी सहेलियाँ टीम के प्रमिला गांधी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुरेन्द्र गुंदेचा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ऋतिक कोठरी ने किया।



# अभातेयुप के पदाधिकारियों ने एटीडीसी श्रीरामपुरम का किया दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर एंड डेंटल केयर श्रीरामपुरम की सार संभाल हेतु अभातेयुप के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रमेश डागा, राष्ट्रीय महामंत्री पवन मांडोत, पूर्व अध्यक्ष विमल कटारिया ने सेन्टर का दौरा कर शिक्षक सप्ताह के अंतर्गत शिक्षकों हेतु निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों सहित विभिन्न जानकारी प्राप्त की। रमेश डागा ने साथियों के साथ एटीडीसी का अवलोकन किया।

तेयुप राजाजीनगर के सदस्यों ने पदाधिकारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर अभातेयुप के सतीश पोरवाड़, दिनेश मरोठी, गौतम खाब्या, राकेश दक, विनोद मुथा एवं तेयुप राजाजीनगर से कमलेश चौरड़िया, राजेश देरासरिया, सुनील मेहता एवं ललित मुणोत उपस्थित रहे।

# सुसवाणी माता भक्त मंडल की नई कार्यकारिणी गठित, जन्मोत्सव पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




बेंगलूरु। स्थानीय गोड़वाड़ भवन में श्री सुसवाणी माता भक्त मंडल की सत्र 2023-25 की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया जिसमें नवमनोनीत अध्यक्ष जितेंद्र दुगड़ ने अपनी नई कार्यकारिणी की घोषणा की। नवीन सुराणा को सचिव एवं प्रसन्न दुगड़ को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा लक्ष्मीपत दुगड़ व मनोज दुगड़ को उपाध्यक्ष, आनंद भंसाली को सहसचिव,पंकज सुराणा को संगठन सचिव, विक्रम दुगड़ को प्रिंट मीडिया प्रभारी एवं प्रदीप भंसाली को सोशल मीडिया प्रभारी, बिकास दुगड़ को सेवा कार्य प्रमुख के रुप में नियुक्त किया। राजेन्द्र सुराणा एवं श्रीपत दुगड़ को परामर्शक बनाया गया।

बैठक में 16 अक्टूबर को सुसवाणी माता के जन्मदिन को धूमधाम से मनाने पर विचार विमर्श करते हुए तय किया गया कि सायं 4 से 6.30 बजे तक सुसवाणी माताजी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

# राम कथा जीवन में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है : संतश्री राजाराम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। सीरवी समाज एचएसआर लेआउट बडेर के तत्वावधान में आयोजित रामकथा में सोमवार को कथावाचक पुष्कर धाम के शीतलसंत राजाराम महाराज ने कहा कि मानव का मन संसारिक और संतों का मन परमार्थ के कार्य में व्यस्त रहता है। राम कथा जीवन में परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करती है। प्रतिदिन एक घंटा राम के लिए प्रदान करें तो व्यक्ति जन्म-जन्म तक सुख भोगेगा। ईश्वर चाहते हैं कि आप शुद्ध अंत:करण से उनके पास आएं। प्रभु के पास जो स्वच्छ भाव से जाता है उसका कल्याण अवश्य होता है। कथा के दौरान भजन गायक महेंद्रनाथ ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर वडेर के अध्यक्ष फाऊलाल परिहारिया, सचिव लक्ष्मणराम आगलेचा, उपाध्यक्ष भुण्डाराम हाम्बड, गेनाराम सेंणचा, नवयुवक मंडल के सचिव मदनलाल राठौड़, किशोर राठौड़ समेत समाज के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# 'दिल में दीप जलाने का पर्व है पर्युषण पर्व'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के राजाजीनगर स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में चातुर्मासार्थ विराजित पन्यासश्री भक्तिरत्नविजयजी, मुनिश्री भाग्यचंद्रविजयजी व बालमुनिश्री भक्तिदर्शनजी ने पर्युषण पर्व की आराधना विषय पर प्रवचन में कहा कि जैनों की पहचान कराने वाला पर्व शिरोमणी पर्युषण पर्व आ चुका है। हम ऋणी हैं उन सर्वज्ञ भगवंतों के कि जिन्होंने पर्युषण महापर्व का प्रकाशपुंज हमको दिया। पर्युषण पर्व के आठ दिन हम सबके लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। रोजाना अथवा पर्व के दिनों में जो तप-जप पूजा-प्रतिक्रमणादि आराधना नहीं करता है उसे भी पर्युषण महापर्व में तो विशेषतः धर्म आराधना करने के लिए शास्त्रकारों ने कहा है। अन्य पद की आराधना और साधना सम्यग और विशुद्धतया होने पर पर्युषण पर्व की आराधना सम्यग्तया क्षमा और मैत्रीरूप पवित्र जल से अगर नहीं हुई तो समझना कि अन्य पर्व की आराधना आपको शायद पुण्यबंध करवाने में सफल बन सकती है, किन्तु कर्म की निर्जरा नहीं करवाएगी। इन दिनों में विशेष आराधना होने का कारण यह भी है कि इस पर्व में की हुई आराधना से जो कर्मनाश होता है वह अन्य दिनों में संभव नहीं होता, इसके बहुत से



कारणों में एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि इस पर्व में सभी संघों में पाप प्रवृत्ति एकदम कम और पुण्यप्रवृत्ति अत्यधिक बढ़ जाती है। यह पर्व घर में नहीं दिल में दीप जलाने के लिए है। यह पर्व बाहर की नहीं भीतर की सफाई के लिए होता है। साधना के मार्ग में मंद होते उत्साह को गति करानेवाला यह पर्व है। बालमुनि ने यह भी कहा कि इस पर्व में बाहरी भाग-दौड बंद करने के लिए अथवा कम करने के लिए-व्यवसाय आदि बंद रखना चाहिए। विराधना वाले काम नहीं करने चाहिए। यथाशक्ति तपश्चर्यादि-नियमों का पालन करना चाहिए। इन आठ दिनों में पालनीय पाँच कर्तव्यों, ग्यारह कर्तव्यों, तप पौषधव्रत आदि का पालन करते हुए पर्युषण महापर्व को मनाकर जीवन को धन्यता दीजिये।




# अ.भा.श्री खांडल विप्र महासभा की बेंगलूरु शाखा सभा के महिला संगठन की बैठक में लिए कई निर्णय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। अ. भा. श्री खांडल विप्र महासभा, पुष्कर-जयपुर, शाखा सभा, बेंगलूरु के महिला मंडल की पहली बैठक गोड़वाड़ भवन के मुछाला हॉल में रविवार 10 सितम्बर को सम्पन्न हुई। बैठक की शुरुआत महिला मंडल की अध्यक्ष एकता शर्मा नोवाल एवं मुख्यअतिथि अभा खाण्डल विप्र महासभा के संरक्षक श्रीकांत पाराशर ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप जलाकर की।

इस अवसर पर श्रीकांत पाराशर ने बताया कि अखिल भारतीय खांडल विप्र महासभा से संबद्ध इस शाखा सभा के महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी सभी महिलाओं को खांडल समाज के परिवारों से परस्पर मिलने का अवसर मिलेगा। जब तक महिलाओं का आपस में मिलना-जुलना नहीं हो तब तक किसी भी संगठन का सही ढंग से विकास नहीं हो पाता।

महिला विंग के अंतर्गत तरह तरह के तीज त्योहारों को सामूहिक रूप से मनाकर सामाजिक और राष्ट्रीय सांस्कृतिक विकास में अपना योगदान दिया जा सकता है।

पाराशर ने कहा कि महिलाओं के संगठित होने से पूरा परिवार शाखासभा से जुड़ जाएगा और इसके सुपरिणाम आने वाले समय में दिखाई देंगे। महिला विंग की अध्यक्ष एकता नोवाल ने सभी महिलाओं से सभी प्रकार के आयोजनों में बढचढ कर भाग लेने का आग्रह किया। प्रारंभ में सुमन परवाल ने अध्यक्ष एकता नोवाल को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया जिसका सभी ने करतल ध्वनि से समर्थन किया।

बैठक में अनेक खांडल महिला सदस्यों ने भाग लिया और अपने सुझाव दिए। नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा की पूजा आराधना का एक आयोजन किया जाएगा जिसमें डांडिया का कार्यक्रम भी होगा, ऐसा निर्णय लिया गया। आने वाले कार्यक्रमों एवं कार्यकारिणी विस्तार पर भी चर्चा की गई। शीघ्र ही इन कार्यक्रमों की घोषणा की जाएगी।




# शाकद्वीपीय ब्राह्मण क्रिकेट प्रीमियर लीग हर्षोल्लास से सम्पन्न

## सांसद पी.सी. मोहन रहे मुख्य अतिथि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज द्वारा पहली बार आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन शहर के त्यागराजनगर स्थित चेन्नमा खेल मैदान में हुआ। प्रीमियर लीग का शुभारंभ शनिवार को बेंगलूरु के मध्य सांसद पी.सी. मोहन ने प्रथम बॉल पर शॉट लगाकर किया। समाज द्वारा सांसद का सम्मान किया गया। प्रीमियर लीग में कुल 6 टीमों के 78 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

रविवार को आखिरी मुकाबला प्रभाकर टाइगर्स टीम एवं सूर्या सुपर किंग्स टीम के बीच रोमांचक रहा जिसमें सूर्या सुपर किंग्स ने फाइनल मुकाबला जीतकर लिग पर कब्जा जमा लिया। प्रभाकर टाइगर्स टीम उप विजेता रही। प्रीमियर लीग मैच में श्रेष्ठ बल्लेबाज हेमंत शर्मा रहे एवं श्रेष्ठ गेंदबाज संदीप शर्मा उर्फ सेंडी रहे।

इस अवसर पर चेयरमैन चंपालाल शर्मा, अध्यक्ष रमेश शर्मा, गोविंद शर्मा, शैलेश शर्मा, त्रिभुवन शर्मा, प्रमोद शर्मा, जयंतीलाल शर्मा, विजयराज शर्मा, भरत शर्मा, मुरलीधर शर्मा, श्याम भोजक, भूपेश कश्यप, जेठमल शर्मा, प्रसन्न शर्मा, निर्मल शर्मा, भंवरलाल शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सेवा व सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



मंड्या जिले के नागमंगला तालुक के होनेकेरे गांव के एक सरकारी स्कूल में राजस्थान कॉस्मो फाउंडेशन ट्रस्ट, बेंगलूरु और मारुति मेडिकल्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक कार्यक्रम में क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के 1200 विद्यार्थियों को गणवेश व पाठ्य सामग्री वितरित की गई। इस अवसर पर मारुति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत, कल्पेश जैन सहित राजस्थान कॉस्मो फाउंडेशन ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। शिक्षकों और ग्रामीणों ने सेवा की सराहना करते हुए अतिथियों का सम्मान किया ।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com